भाद्रपद शुक्ल पक्ष-7, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 155 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

20 नवम्बर 2023 सोमवार

आज का मौसम

32 अधिकतम

19 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## चुनाव के दौरान हुई घटनाओं को लेकर उभरा तनाव, वीडी पहुंचे खजुराहो

# मतदान की पड़ताल के बीच भाजपा कांग्रेस में माइंडगेम की शुरूआत




### सात दिन बाद मिलेंगे हथियार

विधानसभा चुनाव परिणाम आने के 7 दिन बाद पुलिस थानों में जमा लाइसेंसी हथियार वापस किये जायेंगे। अस मामले में स्पष्ट किया गया है कि हथियार के लाइसेंसी व्यक्तियों को 7 दिन बाद जब हथियार वापस किये जायेंगे तो उन्हें किसी भी तरह के नए आदेश की जरूरत नहीं होगी।

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र में चुनाव प्रचार के लंबे दौर और मतदान के बाद नये 'घटनाक्रम' उभर रहे हैं। कांग्रेस और भाजपा के कंट्रोल रूम मतदान के प्रतिशत और क्षेत्रवार मतदान के आंकडों की बारीकी से समीक्षा भी कर रहे हैं और मतदान के दिन हुई कथित गड़बड़ियों व कुछ मामलों को लेकर एकदूसरे पर हमलावर हैं। इसे तीन दिसंबर को होने वाली मतगणना से भी जोड़ा जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस ने नेता एकदूसरे पर 'दबाव' बनाने में जुटे हैं। इसके लिये शुरूआती खामोशी के बाद अब भाजपा भी हमलावर हो गई है। अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मोर्चा संभाला है। वे आज सुबह खजुराहो पहुंच गए हैं। कार्यकर्ताओं पर प्रकरण दर्ज होने के बाद से भाजपा संगठन नाराज बताया जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता व पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने शर्मा के 'क्षेत्र' जाकर कांग्रेस पार्षद की मौत के मामले में धरना दे दिया था। अब मप्र कांग्रेस ने अपने सभी उम्मीदवारों से कहा है कि वे मतदान के दिन हुई गड़बड़ियों की शिकायतें जल्द पार्टी कार्यालय को भेजें। मुख्यमंत्री शिवराज अभी भोपाल में ही हैं वे कल राजस्थान जा सकते है जबकि कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ 19 नवंबर से भोपाल से बाहर हैं। दरअसल, शिवपुरी की पोहरी सीट पर हत्याकांड और आरोपियों के घर तोड़ने की कार्रवाई के बीच ही छतरपुर के राजनगर में हत्या के बाद पुलिस की कार्रवाई पर भाजपा आगबबूला है। प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है कि पुलिस अधिकारियों ने कांग्रेस नेताओं के दबाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं सहित 35 पर बिना जांच के हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

यह देश का ऐसा पहला मामला है, जहां दुर्घटना पर बिना जांच के 35 लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने दो दिन पहले इस मामले में खजुराहो के राजनगर पहुंचकर 'धरना' दिया था। इधर मांधाता में भाजपा विधायक के पीए सहित छह लोगों पर जिले की मूंदी थाना पुलिस ने विवाद और मारपीट करने का मामला दर्ज किया है।

मूंदी में भाजपा और कांग्रेस ने एक-दूसरे पर मतदाताओं को प्रभावित करने और नोट बांटने की बात पर विवाद हुआ था। मामले में भाजपा की शिकायत पर एफएसटी ने कांग्रेस कार्यकर्ता के विरुद्ध आचार संहिता उल्लघंन का प्रकरण दर्ज किया था। वहीं कांग्रेस की शिकायत पर प्रकरण दर्ज नहीं किए जाने से राजनीति गरमा गई थी। इसके चलते घटना के तीस घंटे बाद अब पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बताया जाता है कि मूंदी में विधायक नारायण पटेल के निज सचिव राघव पांडे सहित पांच लोगों ने कांग्रेसी कार्यकर्ता जय महोदय के साथ मारपीट की थी। इस घटना में पुलिस के रवैए पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस ने भाजपा के पक्ष में काम करने के आरोप लगाए थे। इस मामले में भी विभागीय कार्रवाई की मांग कांग्रेस प्रत्याशी उत्तमपाल सिंह पुरनी ने की है।

## आस्था का अर्घ्य...



**राजधानी** में आज सूर्योदय के समय पूजा के साथ छठ पर्व व व्रत का समापन हुआ। मान्यता है कि राम व सीता ने रामराज्य की स्थापना के लिए कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की छष्ठी को उपवास रखकर सूर्य देव की पूजा की थी। इसीलिए छठ पर्व को महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अपने बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए रखती है।

## राष्ट्रपति के कुत्ते ने दूसरे देश के राष्ट्रपति को काटा!

**चिसीनाऊ, एजेंसी।**

आस्ट्रियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन को कुत्ते ने काट लिया मगर अलेक्जेंडर को काटने वाला कुत्ता भी कोई सामान्य कुत्ता नहीं बल्कि माल्दोवा की राष्ट्रपति माइया संदू का पालतू था। राष्ट्रपति जब माल्दोवा की यात्रा पर आए तो उनके साथ यह हादसा हो गया। खबरों के मुताबिक आस्ट्रियाई राष्ट्रपति माल्दोवा की अपनी समकक्ष के साथ थे वह दोनों ही राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में टहल रहे थे। इस दौरान अलेक्जेंडर को संदू का कुत्ता दिखा। वह दूर से उनको घूर रहा था। उनको वह काफी प्यारा लगा। वह उस कुत्ते को सहलाने के लिए आगे बढ़े। उन्होंने उसकी पीठ सहलाना शुरू किया, तभी कुत्ते ने उनके हाथ पर काट लिया। संदू ने तुरंत अलेक्जेंडर से माफी मांग ली। उसके बाद माल्दोवा संसद अध्यक्ष के साथ अपनी अगली बैठक में अलेक्जेंडर हाथ पर पट्टी बांधकर शामिल हुए। अब अलेक्जेंडर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि उन्होंने कुत्ते को माफ कर दिया है। अलेक्जेंडर ने उपहार के रूप में एक खिलौना भी दिया है।



## विशाखापत्तनम बंदरगाह में आग, 40 से ज्यादा नावें जलकर खाक

**विशाखापत्तनम ।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में स्थित एक बंदरगाह में रविवार देर रात भीषण आग लग गई। यह आग कितनी घातक थी, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आग की चपेट में आकर पानी में खड़ी 30 नावें पूरी तरह खाक हो गईं। आग बुझाने के लिए दमकल की कई गाड़ियों को लगाना पड़ा। फिलहाल पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, यह आग देर रात ही लगी थी और पुलिस-दमकल की टीम मौके पर ही पहुंच गई थीं। आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस मामले में एक केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



## पाकिस्तान में भी महंगाई ने फिर सिर उठाया

**नई दिल्ली।** भारत समेत दुनियाभर में महंगाई के ऊपर नीचे आने की खबरों के बीच पड़ोसी पाकिस्तान में फिर हालाात बेकाबू हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से मदद तथा सरकार लोगों को महंगाई की आंच में झुलसने से नहीं बचा पा रहे हैं। सरकार द्वारा जारी ताजा आंकड़ों को देखें तो पाकिस्तान में शॉर्ट टर्म महंगाई दर 42 फीसदी के हाई पर पहुंच चुकी है. सबसे ज्यादा महंगाई की मार गैस की कीमतों पर पड़ी है और ये पिछले साल के मुकाबले 1100 फीसदी तक महंगी हुई है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक महंगाई में 42 फीसदी वृध्दि दर्ज की गई है, जो कि बीते 4 महीनों में सबसे ज्यादा है। शॉर्ट टर्म इन्फ्लेशन के आंकड़े इस बात को साफ कर रहे हैं कि पाकिस्तान में अभी भी हालात बदतर बने हुए हैं। खाने-पीने और रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजों के दाम भी आसमान पर हैं। इनमें आटा, चीनी, चाय, चिकन और चावल समेत कई जरूरी चीजें शामिल हैं, जिनका भाव हफ्ते-दर-हफ्ते बढ़ता ही जा रहा है।

## छठ पूजा से लौट रहे परिवार पर फायरिंग, 3 मौत



**पटना, एजेंसी।**

छठ पूजा के दौरान बिहार के लखीसराय और वैशाली में भारी बवाल हो गया है। लखीसराय में छठ पूजा कर घाट से लौट रहे एक ही परिवार के छह सदस्यों पर आपसी रंजिश में फायरिंग कर दी गई। इस घटना में 3 लोगों की मौत हो गई है, जबकि अन्य गंभीर घायल हैं। घायलों को लखीसराय से पटना पीएमसीएच में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक आरोपी को गिरफ्तार किए जाने की सूचना है। इस तरह, वैशाली के कबैया गांव में छठ पूजा के दौरान आतिशबाजी को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान दो पक्षों के बीच फायरिंग हुई, जिसमें तीन घायल हो गए हैं।

## पंखे में करंट से चार बच्चों की मौत

**उन्नाव एजेंसी।** बीती रात बारासगवर क्षेत्र में पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से चार सगे भाई-बहनों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया बारासगवर थाना क्षेत्र के लालमन खेड़ा गांव के निवासी वीरेंद्र कुमार के घर के बरामदे में एक फर्राटा पंखा रखा था और बरामदे में खेलते हुए उसके एक बच्चे ने पंखे को छू लिया और वह पंखे में उतरे करंट की चपेट में आ गया। उन्होंने बताया कि करंट की चपेट में आये बच्चे को बचाने आये उसके तीन अन्य भाई-बहन भी करंट की चपेट में आ गये और इस घटना में चारों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। घर में वायरिंग नहीं थी तो अर्थिंग की व्यवस्था की गई थी। जिस फर्राटा पंखे से बच्चों को करंट लगा, वह काफी पुराना था और पूरा लोहे का बना था। फिलहाल, जो फर्राटा पंखे बनाए जाते हैं उनमें प्लास्टिक का भी इस्तेमाल किया जाता है।



## अमिताभ टीम इंडिया से बोले-चीजें बेहतर होंगी

**मुबंई एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के मैच जीतने के बाद, अमिताभ ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की है और लिखा कि 'टीम इंडिया...कल रात का नतीजा किसी भी तरह से आपकी प्रतिभा, क्षमता और हैसियत का प्रतिबिंब नहीं है...आप पर गर्व है...बेहतर चीजें होंगी...इसे जारी रखें।' भारतीय टीम के सेमीफाइनल जीतने के बाद बिग बी ने खुलासा किया था कि जब वह मैच नहीं देखते हैं तो इंडिया जीत जाती है। इसके बाद फैंस ने उनसे फाइनल न देखने की अपील की थी। वहीं शाहरुख खान ने लिखा, जिस तरह से भारतीय टीम ने यह पूरा टूर्नामेंट खेला वह सम्मान की बात है और उन्होंने शानदार जज्बा और दृढ़ता दिखाई। यह एक खेल है और इसमें हमेशा एक या दो दिन बुरे होते हैं। दुर्भाग्य से आज ऐसा हुआ...लेकिन क्रिकेट में हमारी खेल विरासत पर हमें इतना गौरवान्वित करने के लिए टीम इंडिया को धन्यवाद।

**मेट्रो एंकर**

## उत्तरकाशी में 9 दिन से जारी है 41 मजदूरों का रेस्क्यू ऑपरेशन

# 6 विकल्पों पर काम और ढाई दिन का टारगेट

**देहरादून, एजेंसी।**

उत्तराखंड में ढही सिलक्यारा सुरंग में बचाव कार्य में बार बार बाधा आ रही है और नौ दिनों से सुरंग में फंसे 41मजदूरों का बाहर निकलने का इंतजार भी बढता जा रहा है। कल दिनभर यह बचाव अभियान रुका रहा। इस दौरान एजेंसियों ने अभियान के अगले चरण के लिए स्वयं को तैयार किया और आज से इसे फिर नयी गति से शुरू किया गया है। सुरंग में एक वर्टिकल पाइप डालने के लिए एक ही दिन में मलबे के पहाड़ की चोटी तक एक सड़क बनाई गई है। इसके अलावा, टिहरी जलविद्युत विकास निगम ( टीएचडीसी ) बड़कोट छोर से 'माइक्रो टनलिंग' का काम शुरू करेगा, जिसके लिए भारी मशीनरी पहले ही जुटाई जा चुकी है।

उल्लेखनीय है कि कल ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था कि सुरंग में फंसे श्रमिकों को बचाने की हर मुमकिन कोशिश हो रही है तथा एक साथ छह विकल्पों पर काम कर रहे हैं। गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री दफ्तर भी रेस्क्यू अभियान की करीब से निगरानी कर रहा है। निर्माणाधीन सुरंग का सिलक्यारा की ओर से मुहाने से 270 मीटर अंदर करीब 30 मीटर का हिस्सा 12 नवंबर की सुबह करीब साढ़े पांच बजे ढह गया था और तब से श्रमिक उसके अंदर फंसे हुए हैं। इसके लिये अमेरिका व आस्ट्रेलिया से विशेषज्ञ व मशीनें जुटाई गई हैं। यह तय किया गया है कि अमेरिकी ऑगर मशीन से मलबे में क्षैतिज ड्रिलिंग करना सुरंग में फंसे श्रमिकों तक सबसे जल्दी पहुंचने का तरीका है। अब ढाई दिन में सफलता मिलने की उम्मीद जताई गई है। बचावकर्मियों बीती शाम तक मलबे में 39 मीटर तक छह इंच चौड़ी ट्यूब डाल दी। श्रमिकों को इस पाइप के माध्यम से भोजन और पानी भी भेजा जाएगा। मजदूरों का मनोबल बनाए रखने की चुनौती।



### मजदूरों का मनोबल महत्वपूर्ण

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सुरंग में फंसे मजदूरों और उनके परिजनों के मनोबल को बनाए रखना इस समय सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। लिहाजा 'हम इस समय एक साथ छह विकल्पों पर काम कर रहे हैं। दरअल जिस हिस्से में मजदूर फंसे हैं वह सुरंग के निर्मित हिस्से का लगभग दो किलोमीटर हिस्सा है और 8.5 मीटर ऊंचा है तथा वहां बिजली और पानी उपलब्ध है। विषम हिमालयी परिस्थितियों को देखते हुए बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण है। मिट्टी का स्तर एक समान नहीं है तथा यह मुलायम और कठोर दोनों है जिससे यांत्रिक अभियान चलाया जाना मुश्किल हो रहा है।

## राममंदिर दर्शन के लिए 15 से पीले चावल बांटेगा विहिप

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण अब पूरा होने को है और इसी के साथ न्योते का काम भी शुरू हो गयरा कार्य लगभग पूरा हो चुका है। ज्ञात हो कि 22 जनवरी को रामलला की नवनिर्मित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा होगी। इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए पूरे देश में निमंत्रण देने का कार्य शुरू हो रहा है। पूजित अक्षत कलश के पीले चावल शहर के गुफा मंदिर में आ चुके हैं। कलश गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेश दास को सौंपा गया है। शहर में 15 से 31 दिसंबर तक बड़े स्तर पर श्रद्धालुओं को श्री रामलला के दर्शन के लिए पीले चावल देकर निमंत्रण दिया जाएगा।

बताया जाता है कि घर-घर हिंदू समाज के लोगों को निमंत्रण दिया जाएगा। निमंत्रण पत्र व नव निर्मित मंदिर का चित्र, जन-जन तक पहुंचाने का अभियान प्रारंभ होगा। इस अभियान में विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने हर ग्राम, बस्ती तक पहुंच कर प्रत्येक हिंदू को पीले चावल देकर अयोध्या में श्रीरामलला के नूतन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन मौके पर अयोध्या पहुंचने का आमंत्रण देने का बीड़ा उठाया है। विहिप ने हिन्दू समाज से अपील की है कि 22 जनवरी को श्रीरामलला की नूतन मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा होगी। प्राण-प्रतिष्ठा में अधिक से अधिक हिंदू समाज को अयोध्या में रामलाल के दर्शन करना चाहिए। जो लोग घर में रहें, उन सभी को यह कार्यक्रम समूह में देखना चाहिए और मंदिरों में भव्य आरती हो। उस दिन दीपावली जैसा वातावरण संपूर्ण नगर, ग्राम, बस्ती में तैयार हो। हर घर में भगवा पताका, रंगोली, विद्युत साज-सज्जा, आतिशबाजी व दीप जलाकर मप्र में उत्सव का वातावरण बनेगा।

## मैनिट का दीक्षा समारोह 25 को होगा, स्वर्ण पदक मिलेंगे



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रोद्यौगिकी संस्थान का 19 वां और 20 वां दीक्षा समारोह 25 नवंबर को आयोजित हो रहा है। इसमें वर्ष 2022 और 2023 बैच के पासआउट 3159 विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएंगी। दीक्षा समारोह में दोनों बैच को मिलाकर यूजी में 34 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान दोनों बैच के 3159 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। मैनिट प्रबंधन ने बताया कि यह कार्यक्रम 25 नवंबर को सुबह 9.30 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक चलेगा। समारोह में मैनिट के कुलपति और कुलसचिव सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे।वर्ष 2022 बैच के दीक्षा समारोह में यूजी में 962 विद्यार्थियों को उपाधि दी जाएंगी। इनमें बीटेक के 849, बीआर्क 76 और बी प्लान के 37 विद्यार्थियों को डिग्री मिलेगी। वहीं पीजी में एमबीए के 31, एमसीए 94, एमटेक के 425 व एम प्लान के 34 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। पीजी में 584 विद्यार्थियों को डिग्री मिलेगी। इसमें 34 विद्यार्थियों में 17 को स्वर्ण और 17 को रजत पदक मिलेगा।

## भोपाल में बनेगा इस्कॉन मंदिर

**भोपाल।** राजधानी के पटेल नगर में नया इस्कॉन मंदिर बनाया जाएगा,इसकी लागत करीब 70 करोड़ रूपये होगी और यह 2028 तक तैयार होगा। जानकारी के मुताबिक भगवान कृष्ण के भक्तों के लिए बनने जा रहा मन्दिर डेढ लाख वर्ग फुट भूमि पर निर्मित होगा। मन्दिर में आरसीसी, सीमेंट या कंक्रीट का उपयोग नहीं किया जाएगा बल्कि राजस्थान के बंसी पहाड़पुर का पत्थर नव मंदिर के निर्माण में होगा उपयोग होगा। मंदिर में श्रीगौर राधा वल्लभ विरामान किये जायेंगे व सत्संग कक्ष बनेंगे, इसमें 2हजार से अधिक भक्त एक साथ बैठ सकेंगे।

## शापिंग कॉम्पेलक्स में पार्किंग नहीं, सड़क पर खड़े हो रहे है वाहन

**हिरदाराम नगर ।** संत हिरदाराम नगर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र में बने शापिंग काम्पलेक्स में पार्किंग का प्रविधान नहीं करने के कारण लोगों को सड़क पर ही वाहन खड़े करने पड़ रहे हैं। इस कारण सड़क चौड़ीकरण के बावजूद इसका लाभ नागरिकों को नहीं मिल पा रहा है। बाजार में खरीदी करने आए ग्राहकों को भी परेशान होना पड़ रहा है। भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा बनाए गए संत हिरदाराम शापिंग काम्पलेक्स में पार्किंग विकसित की गई थी। यहां व्यापारियों के वाहन खड़े होते हैं। चंचल रोड पर बने तीनों काम्पलेक्स में पार्किंग की जगह ही नहीं है।

### ठंड के इस सीजन में पहली आग, हर वर्ष बर्बाद हो जाता है आग से पार्क

# इकोलॉजिकल पार्क, हजारों शिशु पौधे व पेड़ झुलझे



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

शहर के लिए आक्सीजन बैंक कहे जाने वाले कटारा हिल्स क्षेत्र के ईकोलॉजिकल पार्क के हजारों शिशु पौधे और पेड़ आग से झुलस गए हैं। यह आग हाल ही में लगी थी, जिसने कई एकड़ क्षेत्र को अपने काबू में ले लिया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सुबह से लगी आग दोपहर तक धधकती रही। जिसके कारण आसपास के क्षेत्रों में धुआं फैल गया। तब तक वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को भनक नहीं लगी। क्षेत्र में धुआं देख लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी तब तक आग नुकसान कर चुकी थी। हालांकि इसके बावजूद अधिकारियों ने आग पर नियंत्रण नहीं पाया था। जिसके बाद आसपास के लोगों ने पहुंचकर आग बुझाई थी।

उल्लेखनीय है कि यह पार्क 1650 एकड़ क्षेत्र में फैला है। जिसका एक हिस्सा कटारा हिल्स क्षेत्र के लहारपुर से लगा हुआ है और दूसरा हिस्सा 11 मिल से रायसेन बायपास की ओर जाने वाली मुख्य सड़क के दूसरी ओर से रायसेन जिले की सीमा तक फैला है।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हर बार आग लहारपुर क्षेत्र में ही लगती है। यही क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। इसमें हर वर्ष हजारों पौधे लगाए जाते हैं। सुरक्षा के नाम पर अच्छी-खासी रकम खर्च की जा रही है। यहां पर विभाग के पास अमला है और संसाधान भी है। तब भी आग लगने की सूचना तुरंत नहीं मिलती।

### अतिक्रमण करने की मंशा से लगाई जा रही आग

लोगों का कहना है कि क्षेत्र विकसित न हो और खाली जमीन पर अतिक्रमण करने का मौका मिले, इस नीयत से कुछ लोग बार-बार पार्क में आग लगा रहे है। इस बात को विभाग के लोग पकड़ नहीं पा रहे है। विभाग ने सुरक्षा के लिए जिन मैदानी कर्मचारियों को तैनात कर रखा है वे भी कहीं न कहीं अतिक्रमणकारियों से मिले हुए बताए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक अतिक्रमणकारियों को लगता है कि पार्क विकसित हो गया तो उन्हें हटा दिया जाएगा, इसलिए वे हर बार आग लगाकर पार्क को बर्बाद करना चाहते हैं।

### पराली की आग भी पहुंचा चुकी है नुकसान

पार्क का एक बड़ा हिस्सा बरखेड़ा पठानी से लहारपुर जाने वाले मार्ग की ओर खेतों से लगा हुआ है। किसान हर बार धान व गेहूं की कटाई के बाद पराली में आग लगा देते हैं। यह आग कई बार पार्क के एक बड़े हिस्से को ले डूबी है तब भी वन विभाग के अधिकारी पराली में आग लगाने वाले किसानों तक नहीं पहुंच पाए हैं।

### शहर के लिए जरूरी है पार्क

शहर में जिस हिसाब से आबादी बढ़ रही है उस अनुरूप खाली क्षेत्र कम पड़ता जा रहा है। वनों को नुकसान भी पहुंचा है। वर्षों पुराने पेड़ विकास की भेंट चढ़ चुके हैं। इसका उदाहरण रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के आसपास का क्षेत्र है। यहां पहले अच्छी खासी हरियाली थी अब कांक्रीट का जाल खड़ा है। यही हाल शहर के कई स्थानों पर है। इस तरह पेड़ और हरित कवर दोनों कम हुए है, जिसका नुकसान इंसानों पर अप्रत्यक्ष रूप से पड़ रहा है। ऐसे में यह पार्क शहर के लोगों के लिए एक संजीवनी बूटी की तरह है, जो कि बार-बार आग की भेंट चढ़ रहा है।

### थर्मल पावर प्लांट के आसपास के बच्चों की सेहत को लेकर भी होगा अध्ययन

## गर्भस्थ शिशु पर कोरोना वैक्सीन के प्रभाव को लेकर एम्स करेगा शोध



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

गर्भस्थ शिशु पर कोरोना वैक्सीन के प्रभाव को लेकर देश में यह पहला शोध भोपाल के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में किया जाएगा। इसका फोकस मां को लगी वैक्सीन से गर्भस्थ शिशु पर प्रभाव को लेकर रहेगा। पता लगाया जाएगा कि गर्भ में शिशु को वैक्सीन से कोई नुकसान तो नहीं हुआ। एम्स ने इस शोध की तैयारी कर ली है। जल्द शोध शुरू कर दिया जाएगा। दूसरी ओर भोपाल एम्स थर्मल पावर प्लांट के आसपास परिवारों में रहने वाले बच्चों की सेहत पर पड़ने वाले प्रतिकूल असर पर भी शोध करने जा रहा है। यह पावर प्लांट मध्य प्रदेश के सिंगरौली में है। इससे बच्चों की सेहत पर क्या असर पड़ रहा है? इस शोध के माध्यम से समझा जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि अब तक कोरोना वैक्सीन के प्रतिकूल प्रभाव की बात को पूरी तरह खारिज किया गया है।

### तीन साल तक का समय लग सकता है

हालांकि इस शोध को पूरा होने में तीन साल तक का समय लग सकता है। एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने बताया कि आनुवांशिक बीमारियों से लेकर औद्योगिक क्षेत्रों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से जुड़े 132 शोध पर एम्स में काम चल रहा है। इन शोध के लिए इस साल अब तक फंडिंग एजेंसियों से 15 करोड़ रुपये मिले हैं। अब अध्ययन कार्य और तेजी से चलेगा। उल्लेखनीय है कि कोरोना वैक्सीन के प्रभाव को लेकर दुनियाभर में अलग-अलग समूहों पर शोध जारी है।

## विजयवर्गीय समाज ने मनाया दीपावली मिलन समारोह



**भोपाल।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विजयवर्गीय समाज का दीपावली मिलन समारोह एंव अन्नकूट का आयोजन रविवार 19 नवंबर को पीपुल्स मॉल के प्रिंसेस ऑफ सी हाल में संपन्न हुआ। विजयवर्गीय महिला मंडल की अध्यक्ष मधु विजयवर्गीय और सचिव वैशाली विजयवर्गीय ने बताया कि इस आयोजन में भी समाज के वृद्ध दंपत्तियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, महाआरती आयोजित की गई और भोजन प्रसादी का वितरण भी हुआ। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य प्रस्तुतियां भी हुईं।



भोपाल। शीतल दास की बगिया घाट पर छठ पूजा का समापन हुआ। फोटो निर्मल व्यास

## संतनगर के विसर्जन घाट पर हुई छठ पूजा



हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

रविवार के दिन संत नगर के विसर्जन घाट पर भोजपुरी समाज द्वारा छठ पूजा का आयोजन किया गया। इस पूजा में बड़ी संख्या में समाज की महिलाऐ एवं पुरूष मौजूद रहे। भोजपुरी समाज 19 नवंबर को घाट पर एकत्रित होकर छठ महापर्व मनाया। छठ महापर्व कार्तिक माह की सष्टि तिथि को शुक्ल पक्ष में आता है पूर्वांचल बिहार झारखंड पूर्वी उत्तर प्रदेश की महिलाएं निर्जला व्रत रहती हैं इसमें सुख समृद्धि की मनोकामना लेकर भारी उत्साह के साथ पूरे परिवार के लोग छठ पर्व मनाते हैं उक्त कार्यक्रम उक्त कार्यक्रम भोजपुरी साहित्य एवं सांस्कृतिक संस्था के तत्वाधान में तत्वाधान में आयोजित किया जाता है। संस्था के लोगों द्वारा पूजा स्थल का एक दिन पहले निरीक्षण करने पर निगम द्वारा लापरवाही पर नाराजगी जताई। इस अवसर हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने घाट पर पहुंचकर भोजपुरी समाज को इसकि शुभकामनाऐ दी। इस अवसर पर संस्था के दिनेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर**

### ज्यादातर बिल्डिंगों में आग से बचाव के उपाय को लेकर लापरवाही

# संतनगर की बहुमंजिला इमारतों का फायर ऑडिट नहीं

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

बिल्डिंगों और कॉम्प्लेक्स के निर्माण में फायर सिस्टम की अनदेखी की जा रही है। आधा दर्जन से अधिक आग की घटनाएं होने के बाद भी फायर आडिट ही नहीं हुआ है, जिससे कार्रवाई की जद से निर्माणकर्ता बाहर हैं। फायर निगरानी तंत्र का कहना है निर्माण की परिमिशन फायर एनओसी के बाद मिलती हैं, निर्माण अवैध रूप से हो रहे हैं। व्यापारिक संतनगर आग लगने की घटनाओं के बाद भी बिल्डिंगों में बचाव के उपाय को लेकर गंभीरता नहीं है। आधा दर्जन से बड़ी आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। दीपावली पर इस बार



साधु वासवानी स्कूल रोड़ पर राधा होम्स में एक फ्लैट में आग लग गई। बिल्डिंग में भी आग से बचाव के उपाय नहीं थे। आग से आसपास के फ्लैट्स में भी नुकसान हुआ है।

### कॉम्प्लेक्स की आग

साल 2017-18 मेन रोड स्थित संत हिरदाराम कॉम्पलेक्स की भयंकर आग आज तक संतनगर नहीं भूल सका है, जिस पर काबू पाने के लिए सेना का बुलाना पड़ा था। घटना के बाद कॉम्प्लेक्स में मजबूत फायर सिस्टम लगाया गया, लेकिन अन्य कॉम्प्लेक्स और बिल्डिंगों का आडिट नहीं किया गया।

### तीन से चार मंजिला बन रहे फ्लेट्स

संतनगर में इन दिनों गलियों और पॉश इलाकों में फ्लैट्स कल्चर के चलते निर्माण हो रहा है। इन फ्लैट्स में आग के बचाव के उपाय को लेकर इंतजाम की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### इन इलाकों में बनी बिल्डिंगें

संतनगर के बी वार्ड,एच वार्ड,मिनी मार्केट जैसे क्षेत्रों में बड़े बड़े कॉम्प्लेक्स बने हुए है, इन काम्पलेक्स में दुकानें हैं। अगर किसी एक दुकान में आगजनी की घटना हो जाए तो इसे रोकने में बड़ी आसान नहीं होगा।

### आग की घटनाएं हुईं

संत हिरदाराम शॉपिंग काम्पलेक्स में आग, मिनी मार्केट रोड पर हैंडसम रेडीमेट में आग, पूजा लॉज होटल के पास आग, शिव मंदिर के पास आग की घटना। आग के बचाव के साथ बिल्डिंगों का निर्माण होना चाहिए। फायर की एनओसी के बाद ही बिल्डिंग परिमिशन मिलती है। बहुमंजिला इमारतों में फायर सिस्टम नहीं हैं, तो वह निर्माण अवैध रूप से हो रहे हैं। समय-समय पर बहुमंजिला इमारतों की जांच की जाती है।
**रामेश्वर नील,** मुख्य फायर अधिकारी

### कलेक्टरों पर दोहरे मापदंड का आरोप लगा, सिर्फ इंदौर जिले में हुआ भुगतान

# चुनाव ड्यूटी कर चुके लाखों कर्मचारियों का मानदेय भुगतान अटका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विधानसभा चुनाव की ड्यूटी में लगे लाखों कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी का मानदेय भुगतान चुनाव संपन्न होने की तिथि को ही देने के चुनाव आयोग के आदेश का पालन नहीं होने से नाराजगी है। बताया जा रहा है कि इंदौर कलेक्टर को छोड़कर प्रदेश के किसी भी कलेक्टर ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के आदेश का पालन नहीं किया है। जिलों के कलेक्टर चुनाव ड्यूटी में लगे लाखों कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी के मानदेय भुगतान करने मे दोहरे मापदंड अपना रहे हैं। इस मामले में

दरअसल, निर्वाचन आयोग ने चुनाव ड्यूटी में लगे सरकारी कर्मचारियों के चुनाव ड्यूटी का मानदेय भुगतान करने के लिए चुनाव संपन्न होने से पूर्व ही बजट की राशि जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवंटित कर दी थी। इस राशि के आधार पर ही इंदौर कलेक्टर ने चुनाव ड्यूटी संपन्न होने के बाद 17 नवंबर को 10800 कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी का मानदेय 1,18 करोड रुपए का भुगतान बैंक खाते में भेज दिया है। जबकि जबलपुर कलेक्टर ने एक नया आदेश जारी करके कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी का मानदेय का



भुगतान करने के निर्देश कर्मचारियों के विभागों के जिला अधिकारी को दिए। इस मामले में अब आपत्ति जताई जाने लगी है। मप्र कर्मचारी मंच ने कहा है कि जब निर्वाचन आयोग ने चुनाव ड्यूटी के मानदेय के भुगतान की राशि जिला कलेक्टरों को आवंटित की है तो कर्मचारियों का विभाग किस आधार पर चुनावी ड्यूटी का मानदेय भुगतान करेगा? उन्होंने आरोप लगाया है कि चुनाव ड्यूटी के मानदेय भुगतान करने में जानबूझकर लापरवाही कर रहे हैं। किसी भी जिले में कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी का मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है।

**पहले भी लटकता था भुगतान**

खास बात यह है कि अधिकारी पूर्व में भी कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी का मानदेय का भुगतान वर्षों निकालने के बावजूद भी नहीं करते थे। इस बार निर्वाचन आयोग के विशेष आदेश पर कर्मचारियों को आशा थी कि चुनाव ड्यूटी का मानदेय चुनाव संपन्न होने के तत्काल कर दिया जाएगा। कर्मचारी मंच का दावा है कि इन कर्मचारियों ने निर्णय लिया है कि यदि दो दिवस में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी का मानदेय भुगतान प्रदेश के जिला कलेक्टर नहीं करेंगे तो चुनाव ड्यूटी में लगे लाखों कर्मचारी चुनाव ड्यूटी के मानदेय का भुगतान करने की मांग का पोस्टकार्ड लाखों की संख्या में मुख्य सचिव को लिखेंगे।

## अजा सीटों पर मतदान की 'मात्रा' का मर्म खोज रहे दल

**भोपाल।** मप्र में इस बार वोटों का मिजाज जानने के लिये चलाई जा रही कवायद में अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीटों पर रिकार्ड मतदान भी राजनीतिक दलों की समीक्षा का बड़ा विषय है। दरअल 35 में से 29 एससी सीटों पर 2018 के चुनाव के मुकाबले इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ा है। इस बार न्यूनतम मतदान अंबाह में 60.50 प्रतिशत तो मल्हारगढ़ में सर्वाधिक 86.33 प्रतिशत रहा। जबकि, पिछले चार चुनावों को देखा जाए तो अंबाह विधानसभा क्षेत्र ऐसा है जहां सबसे कम मतदान होता आया है। वहीं, मल्हारगढ़ वह सुरक्षित सीट है, जहां लगातार मतदान प्रतिशत बढ़ा अनुसूचित जाति वर्ग को प्रभावित करने में भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही जमकर मेहनत की थी। माना जा रहा है कि संभवत एससी सीटों पर मतदान प्रतिशत इसीलिये बढ़ा है।

दरअसल भाजपा और कांग्रेस ने संत रविदास के माध्यम से दलित वोटरों को साधने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव से पहले सागर जिले में संत रविदास मंदिर की आधारशिला रखी। 100 करोड़ से बनने वाले इस मंदिर की आधारशिला के कार्यक्रम में पूरे संभाग से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। कांग्रेस की तरफ से अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने भी सागर में सभा की थी और वे कई आरक्षित सीटों पर प्रचार के लिये पहुंचे थे। वहीं भाजपा ने प्रदेशभर में समरसता यात्रा निकालकर दलित वर्ग तक अपनी बात पहुंचाने का काम किया था। वहीं, कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सागर में ही संत रविदास विश्वविद्यालय बनाने की घोषणा की थी।

## शिक्षकों की टैबलेट खरीदी की प्रक्रिया का आज अंतिम दिन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब तक टैबलेट खरीदी की प्रक्रिया पूरी करनके लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने (आरएसके) ने एक और मौका देते हुए 20 नवंबर तक अनिवार्य रूप से टैबलेट खरीदने के निर्देश दिए हैं। आरएसके ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सरकारी स्कूलों में पदस्थ सभी व्याख्याता, उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं गणित, विज्ञान, अंग्रेजी विषय के उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक के द्वारा 20 नवंबर तक टैबलेट खरीद लिए जाएं।

**क्रय की स्थिति न्यूनतम होने पर आरएसके ने लगाई थी फटकार**

### टेबलेट खरीदने में रुचि नहीं दिखा रहे शिक्षक

दरअसल, प्रदेश के सरकारी स्कूलों के शिक्षक स्कूल शिक्षा विभाग के बार-बार निर्देश देने के बाद भी टेबलेट खरीदने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। हालात यह हैं कि करीब एक साल से चल रही टैबलेट खरीदी की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। इसके चलते राज्य शिक्षा केंद्र (आरएसके) ने सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को फटकार लगाई है। जारी आदेश के अनुसार, नवंबर माह की स्थिति में कुल लक्ष्य 44 हजार के विरुद्ध पंजीयन एवं क्रय की स्थिति काफी न्यूनतम है। वर्तमान स्थिति के अनुसार 32,334 पंजीयन हुए हैं। प्रतिपूर्ति जमा 23,334 बीआरसी द्वारा तकनीकी सत्यापन 21,435 और रिम्बर्समेंट कार्यवाही पूर्ण 16 हजार की हुई है।

## 2047 ईवीएम की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय घेरा

### 7 उम्मीदवारों की किस्मत है बंद



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी की सीटों पर हुए मतदान के बाद पुरानी जेल में बने स्ट्रांग रूम में 2049 ईवीएम को सीलबंद कर रखा गया है। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रत्याशी भी यहां सुरक्षा व्यवस्था देखने पहुंच रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह सहित अन्य प्रशासन के अधिकारी भी यहां दौरे कर व्यवस्था देख रहे हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम की 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। साथ ही पुलिस त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। जिला जेल में विधानसभा क्षेत्र अनुसार ईवीएम को रखने के लिए और डाक मतपत्र को रखने के लिए स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। गौरतलब है कि मतदान समाप्ति के बाद मतदान दल ईवीएम को लेकर लाल परेड मैदान पहुंचने लगे थे। इसके बाद देर रात मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखवाने का सिलसिला शुरू हो गया था। यह सिलसि जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा राजनीतिक दलों के प्रत्याशी और प्रतिनिधियों के सामने सभी ईवीएम एवं डाक मतपत्र को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवाकर सीलबंद किया गया है।



## 30 तक सभी शिकायतों की जानकारी मंगाई कांग्रेस ने

इधर कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों को प्रदेश मुख्यालय से एक पत्र जारी करके मतदान के दिन नियम विरुद्ध मतदान करा रहे कर्मचारी और अधिकारियों की शिकायतें एकजाई कर 30 नवंबर तक भेजने के लिये कहा गया है। पत्र में कहा गया है कि भाजपा को लाभ पहुंचाने की कई शिकायतें कांग्रेस पार्टी की लीगल टीम को मिली थी। यह पत्र महामंत्री राजीव सिंह की तरफ से जारी किया गया है और माना जा रहा है कि मतगणना के पहले कांग्रेस इस मामले में चुनाव आयोग को इसकी जानकारी भेजेगी।

## पुरुष-महिला मतदाताओं के साथ थर्ड जेंडर मतदाता भी आगे रहे

### थर्ड जेंडर मतदाताओं का वोटिंग प्रतिशत 44.18 रहा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 के मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने का मिला है। पुरुष और महिला मतदाताओं के साथ थर्ड जेंडर मतदाता भी आगे रहे हैं। भोपाल में थर्ड जेंडर मतदाताओं का वोटिंग प्रतिशत 44.18 रहा। जिले में मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 में कुल 66.66 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें 67.62 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं, 65.64 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 44.18 प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाताओं ने मतदान किया। जिले में 1391260 मतदाताओं ने किया मतदान 726347 पुरुष मतदाता, 664837 महिला मतदाता तथा 76 थर्ड जेंडर मतदाताओं ने मतदान किया। भोपाल-उत्तर में 5, नरेला विधानसभा में 1, भोपाल मध्य विधानसभा में 65, गोविंदपुरा विधानसभा में 2 और हुजुर विधानसभा में 03 थर्ड जेंडर मतदाता ने मतदान किया।

### मप्र में जनवरी में थे 1432 थर्ड जेंडर मतदाता, अब संख्या हो गई 1373



मध्यप्रदेश में भले ही पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या में बड़ी हो, लेकिन थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या में कमी आई है। मध्यप्रदेश में नौ महीने पहले जनवरी में कुल एक हजार 1432 थर्ड जेंडर मतदाता थे, लेकिन अब अक्टूबर में 59 थर्ड जेंडर मतदाता कम होकर इनकी संख्या एक हजार 1373 हो गई है। यानी नौ महीने में चार प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाता घट गए हैं। एक थर्ड जेंडर मतदाता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि मध्यप्रदेश में थर्ड जेंडर की संख्या लगभग 30 हजार हैं, लेकिन वह थर्ड जेंडर की पहचान के साथ मतदाता सूची में शामिल नहीं होना चाहते हैं। यह उनकी गोपनीयता का मामला होता है इस वजह से ज्यादा जोर भी नहीं दिया जाता है।

## अब राजस्थाथान में प्रचार के लिए जाएंगे भाजपा नेता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र के भाजपा के नेता आज या कल से राजस्थान में चुनाव प्रचार के लिये रवाना हो रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राजस्थान में चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचारक बनाए गए हैं। वे कल से तीन दिन राजस्थान में चुनाव प्रचार के लिए जा सकते हैं। ध्य प्रदेश भाजपा की टीम ने राजस्थान के लिए तैयारी कर ली है। केंद्रीय नेतृत्व की कार्ययोजना के अनुरूप वहां की सुरक्षित सीटों पर केंद्र और मध्य प्रदेश की अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए संचालित योजना का प्रचार- प्रसार कर भाजपा राजस्थान के आरक्षित वर्ग को साधने का प्रयास करेगी।

राजस्थान में 25 नवंबर को मतदान होना है। ऐसे में 23 नवंबर को चुनाव प्रचार थम जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए केवल चार दिन शेष है। शिवराज के अलावा मध्य प्रदेश के अन्य नेताओं को राजस्थान भेजा जाएगा। सीमावर्ती जिलों के कार्यकर्ता वहां पहुंच भी चुके हैं।

इधर मप्र में मतदान होने के बाद मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने मतदान को लेकर अपने-अपने स्तर पर समीक्षा की। प्रदेश अध्यक्ष ने जिला पदाधिकारियों से मतदान को लेकर रिपोर्ट ली तो चुनाव प्रबंधन के काम से जुड़े पदाधिकारियों ने विधानसभा क्षेत्रवार मतदान को लेकर रिपोर्ट तैयार की है। । प्रदेश भाजपा अध्यक्ष प्रदेश कार्यालय पहुंचे और पदाधिकारियों से फीडबैक लिया।

**मेट्रो एंकर** दो हजार सीटों के लिए कराया था एक लाख विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन

# बीयू के आठ नए कोर्सों में जीरो, सात में सिर्फ एक-दो प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के बाद भी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में इस बार प्रवेश की स्थिति ठीक नहीं रही है। बीयू ने विद्यार्थी की दर्ज संख्या ब?ाने के लिए इस बार कई नए कोर्स भी शुरू किए हैं। इसमें आठ कोर्स ऐसे हैं, जिनमें एक भी प्रवेश नहीं हुआ है। वहीं सात कोर्सों में एक या दो स्टूडेंट ने ही दाखिला लिया। हालांकि बीयू प्रबंधन का कहना है कि विद्यार्थियों के लिए कई रोजगार और स्वरोजगार मूलक कोर्स शुरू किए गए हैं। जैसे-जैसे विद्यार्थियों को नए कोर्सेस का फायदा समझ में आएगा, निश्चित ही इनमें एडमिशन की संख्या बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि बीयू में सभी कोर्सेस की करीब दो हजार सीटें हैं। इनके लिए एक लाख विद्यार्थियों ने सीयूईटी के तहत रजिस्ट्रेशन कराया था। यूटीडी में सीयूईटी के तहत 10 यूजी कोर्स में 395 सीटें और 44 पीजी कोर्स में 965 सीटें हैं। इसके अलावा पीजी डिप्लोमा स्तर के 14 पाठ्यक्रम में 400 और डिप्लोमा स्तर के चार कोर्स में 180 सीटें हैं।



### बीए एलएलबी ऑनर्स और कॉमर्स ऑनर्स की सभी सीटें फुल

बीयू में 14 अक्टूबर तक प्रवेश प्रक्रिया जारी रही, लेकिन प्रवेश कम हुए। बीबीए की 60 सीटों में 57 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। वहीं सीयूईटी के तहत 10 यूजी कोर्स में 395 सीटें और 44 पीजी कोर्स में 965 सीटें है, लेकिन आधी से अधिक सीटें खाली रह गईं। बीयूआईटी में शुरू किए गए बी-वॉक (बैचलर ऑफ वोकेशनल कोर्स) एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कोर्स की डिमांड एवं जॉब ओरिएंटेड होने के कारण अच्छे एडमिशन की उम्मीद थी। लेकिन इन कोर्सेस में एक भी विद्यार्थी ने एडमिशन नहीं लिया। इसका कारण जानकारी का अभाव बताया जा रहा है। हालांकि बीए एलएलबी ऑनर्स और कॉमर्स ऑनर्स की सभी सीटें फुल हो चुकी हैं।



### सुविचार

भरोसा रखें..
हम जब कहीं
किसी का
अच्छा कर रहे
होते हैं,
तब हमारे लिए
भी कहीं कुछ
अच्छा हो रहा
होता है

## संपादकीय

# सफर के लिए योजना ठोस हो

भारतीय रेलों में मुसाफिरों को राहतभरा सफर देने का वादा तो लंबे समय का है लेकिन इस पर अमल बहुत धीरे हो रहा है। आज की रिजर्वेशन सबसे बड़ी समस्या है, गाड़ियों की कमी और इनकी लेटलतीफी स्थाई बात की तरह है। ऐस में अब यदि अगले तीन-चार वर्षों में हर यात्री को कन्फर्म टिकट देने की योजना की बात हो रही है तो कौतुहल पैदा हो रहा है। अगर रेलवे सचमुच गंभीर है तो यह अच्छी बात है। रेल मंत्री की ओर से दी गई सूचनाओं के मुताबिक न केवल देश की तमाम कोच फैक्ट्रियों में दिन-रात काम किया जा रहा है बल्कि ट्रेन की स्पीड बढ़ाने की दिशा में भी कदम उठाए जा रहे हैं। यह खबर ऐसे समय में आई है, जब पर्व-त्योहारों के कारण रेलगाड़ियां ठसाठस भरी हुई हैं और लोग अमानवीय हालात में यात्रा करने को मजबूर हैं। गर्मी की छुट्टियों या त्योहारों के आसपास ऐसे दृश्य अक्सर दिख जाते हैं।

साफ है कि ट्रेन आज भी अपने देश में आम लोगों की यात्रा का सबसे सरल और सहज साधन है मगर इसमें सफर व एक अदद सीट पाना बहुत मुश्किल होता है। ऐसे में रेलवे को सबके लिए सुलभ, आसान और सुविधाजनक बनाना एक ऐसा लक्ष्य है, जो हर सरकार की प्राथमिकता में होना चाहिए। मगर सचाई यह है कि प्राय~सभी सरकारें इसे चलताऊ ढंग से लेती रही हैं। ऐसे में जब रेलवे की ओर से इतने बड़े लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए काम करने की बात आई है तो इसका स्वागत करते हुए भी यह नहीं भुलाया जा सकता कि यह बेहद कठिन है। इसके लिए न केवल ट्रेनों की संख्या में भारी इजाफा करना होगा बल्कि रेल पटरियों का भी अप्रत्याशित तेजी से विस्तार करना होगा। हालांकि रेलवे की इस योजना पर एक गौर करने से यह जरूर साफ होता है कि इसमें मौजूदा स्थिति और टारगेट के बीच के अंतर पर अच्छी तरह से विचार किया गया है। ऐसे में सवाल सिर्फ यह है कि इस अंतर को भरने की दिशा में पर्याप्त तेजी दिखाई जा सकेगी या नहीं। यानी अगर तय लक्ष्य तक चार साल में पहुंचना है तो इस बीच हर साल पांच हजार किलोमीटर की नई पटरियां बिछाई जा सकेंगी या नहीं। ट्रेनों की संख्या के मामले में यह हिसाब ज्यादा स्पष्ट रूप में सामने आता है। चार साल में तीन हजार नई ट्रेनें शुरू करने का मतलब है रोज दो नई ट्रेनें शुरू करनी होंगी। देखना होगा कि यह सिलसिला कितनी जल्दी शुरू होता है और कब तक चलता है। ऐसे ही रेलवे ने हिसाब लगाया है कि इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए गाड़ियों की रफ्तार में भी इजाफा करना होगा ताकि सफर का वक्त बचे। गाड़ियों के ठहरने और गति पकड़ने का टाइम पुल और पुश टेक्नॉलजी के जरिए बचाया जा सकता है और कहते हैं कि उस पर काम भी हो रहा है। मगर दो दिन पहले आई एक रिपोर्ट बताती है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल देश में ट्रेनों की औसत गति बढ़ने के बजाय पांच किलोमीटर प्रति घंटा कम हो गई। वहीं आए दिन रेलगाडियों के दुर्घटनाग्रसत होने या पटरी से उतरने की खबरें भी चिंता पैदा करती हैं। लिहाजा यह भी लगता है कि रेलवे की यह नई योजना चुनावी सब्जबाग का हिस्सा न बन जाए बल्कि जरूरत तो यह है कि योजना को ठोस रूप से अमल के लिये तैयार किया जाए और इसके लिये किसी भी साधन संसाधन का पहले ही पूरा इंतजाम भी कर लिया जाए।

### निशाना

#### दरम्यान चुनाव के !



-कृष्णेन्द्र राय


जांच होना चाहिए।
वितरण जो सामान ।।
दरम्यान चुनाव के।
हुए मेहरबान ।।
आई बात सामने।
है रहना तैयार ।।
कहां कहां है गड़बड़ी ?
और किस प्रकार ।।
दे रहे हैं खुल कर।
सार्वजनिक बयान ।।
लगता कुछ कुछ उनको।
हुआ शायद ज्ञान ।।
है सबको अधिकार।
हो सारा स्पष्ट ।।
हो सकती है कैसे ?
किसी को भी कष्ट ।।

### आज का इतिहास

- 1945 में 20 नवंबर को जर्मनी में 20 से अधिक नात्सी अफ़सरों पर युद्धापराधों को लेकर मुकदमा शुरू किया था।
- 1942 में आज ही के दिन ब्रिटिश सेना ने लीबिया की राजधानी बेनगाजी पर दोबारा कब्जा किया था।
- 1917 में 20 नवंबर के दिन ही कोलकाता में बोस अनुसंधान संस्थान की स्थापना की गई थी।
- 1917 में आज ही के दिन यूक्रेन गणराज्य घोषित हुआ
- 1866 में 20 नवंबर के दिन अमेरिका के वांशिगटन में हावर्ड यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई थी।
- 1829 में आज ही के दिन रूस के निकोलायेव और सेवेस्तोपोल क्षेत्र से यहूदियों को निकाला गया था।
- 1998 में आज ही के दिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जारया का पहला माड्यूल जारी हुआ था।

# अपराधी राजा या सेवक - सुधार की अनंत यात्रा अब भी जारी

**आलोक मेहता**



वोटर इज किंग ,इलेक्टेड मेन इज सर्वेंट ऑफ़ पब्लिक ( मतदाता राजा है , चुने गए व्यक्ति सेवक हैं। लेकिन सारे चुनाव सुधारों और अदालती निर्णयों के बावजूद राजनीति में अपराधीकरण से मुक्ति नहीं मिल पाई है। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं को इस बार मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव में प्रत्याशी बनाने में विभिन्न राजनीतिक दलों ने कोई संकोच नहीं किया है। राजनीति के अपराधीकरण का असली कारण यह है कि पहले पार्टियां और उनके नेता चुनावी सफलता के लिए कुछ दादा किस्म के दबंग अपराधियों और धनपतियों का सहयोग लेते थे । धीरे धीरे दबंग और धनपतियों को स्वयं सत्ता में आने का मोह हो गया । अधिकांश पार्टियों को यह मज़बूरी महसूस होने लगी । पराकाष्ठा यहाँ तक हो गई कि नरसिंह राव के सत्ता कल में एक बहुत विवादस्पद दबंग नेता को राज्य सभा में नामांकन तक कर दिया गया। ऐसे दादागिरी वाले नेता येन केन प्रकारेण किसी न किसी दल से चुनकर राज्य सभा तक पहुंच जाते हैं । दुनिया के किसी अन्य लोकतान्त्रिक देश में इतनी बुरी स्थिति नहीं मिलेगी । कुछ अफ्रीकी देशों में अवश्य ऐसी शिकायतें मिल सकती हैं , लेकिन दुनिया तो भारत को आदर्श रूप में देखना चाहती है । इस सन्दर्भ में हर लोक सभा या विधान सभा चुनाव में इवीएम मशीनों को लेकर न केवल कुछ पार्टियां और नेता संदेह पैदा करने की कोशिश करने लगे हैं । यदि वे विजयी हो रहे होते हैं , तो उन्हें मशीन ठीक लगती है और पराजय की हालत में मशीन में गड़बड़ी , हेराफेरी के आरोप लग जाते हैं । यहां तक की मीडिया में कुछ विशेषज्ञ या पत्रकार भी शंका करते हैं । यह बेहद दुखद स्थिति है, क्योकि इससे गरीब , कम शिक्षित मतदाता ही नहीं शहरी लोग भी मतदान को अनावश्यक और गलत समझने लगते हैं । जबकि तकनीकी पुष्टि देश के नामी आई टी विशेषज्ञ कर रहे हैं। चुनाव सुधार अभियान के दौरान ऐसी अफवाहों पर अंकुश के लिए भी कोई नियम कानून बनना चाहिए । वैसे भी किसी चुनाव को अदालत में चुनौती का प्रावधान है । लोकतंत्र में आस्था को अक्षुण्ण रखने के लिए व्यापक चुनाव सुधार और एक देश एक चुनाव के विचार पर जल्द ही सर्वदलीय सहमति से निर्णय होना चाहिए ।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 में कुल 2,534 उम्मीदवारों में से 472 ( 19 प्रतिशत ) उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं । जिन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र के दौरान दिए गए घोषणा पत्रों में खुद ही अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों का जिक्र किया है, उनकी संख्या 291 ( 11 प्रतिशत ) है । कांग्रेस के 230 उम्मीदवारों में से 121 ( 53 प्रतिशत ) ने अपने हलफनामे में आपराधिक मामले दर्ज होने का जिक्र किया है । वहीं 61 ( 27 प्रतिशत ) ने गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है । बीजेपी के 230 उम्मीदवारों में से 65 ( या 28 प्रतिशत ) ने खुद ही अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को स्वीकार किया है । वहीं 23 ( 10 प्रतिशत ) ने अपने खिलाफ दर्ज गंभीर आपराधिक मामलों की जानकारी दी है । आम आदमी पार्टी के 66 उम्मीदवारों में से 26 ( 39 प्रतिशत ) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि 18 ( 27 प्रतिशत ) ने अपने हलफनामों में गंभीर आपराधिक मामलों के बारे में बताया है । बसपा के 181 उम्मीदवारों में से 16 ( 9 फीसदी ) ने आपराधिक रिकॉर्ड घोषित किया है, जबकि




16 ( 9 फीसदी ) ने के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं । यहाँ तक कि कुछ ने धारा-376 के तहत बलात्कार से संबंधित केस दर्ज होने की जानकारी दी है । इसके अलावा 10 उम्मीदवारों ने अपने हलफनामे में हत्या ( आईपीसी धारा-302 ) से संबंधित मामलों की घोषणा की है, और 17 उम्मीदवारों ने हत्या के प्रयास ( आईपीसी धारा-307 ) से संबंधित मामलों की घोषणा की है ।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में चुनाव लड़ रहे 953 उम्मीदवारों में से 100 ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए । इनमें से 56 गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं, जिनमें जानबूझकर चोट पहुंचाना, धमकी देना तथा धोखाधड़ी करने से संबंधित आरोप शामिल हैं । विश्लेषण किए गए 953 उम्मीदवारों में से 100 ( करीब 10 प्रतिशत ) उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं । राज्य में चुनाव लड़ रहे प्रमुख दलों में कांग्रेस के 13, भाजपा के 12, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ ( जे ) के 11 और आम आदमी पार्टी ( आप ) के 12 उम्मीदवारों ने अपने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं ।रिपोर्ट के अनुसार, सत्तारूढ़ कांग्रेस के 70 उम्मीदवारों में से सात ( 10 प्रतिशत ) ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं, विपक्षी दल भाजपा के 70 उम्मीदवारों में से चार ( 6 प्रतिशत ), जेसीसी ( जे ) के 62 उम्मीदवारों में से चार ( 6 प्रतिशत ) और आम आदमी पार्टी के 44 में से छह ( 14 प्रतिशत ) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं । पहले चरण के चुनाव में 223 उम्मीदवारों में से 26 ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे, जिनमें से 16 गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं ।

राजस्थान में इस बार चुनाव में उतरे 1875 में से 326 उम्मीदवारों ( 17 फीसदी ) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इससे पहले 2018 के चुनाव में लड़ने वाले 2188 में से 320 उम्मीदवार ( 15 फीसदी ) ऐसे थे जिन पर आपराधिक मामले दर्ज थे। 2023 में किस्मत आजमा रहे 236 उम्मीदवार ( 13 फीसदी ) ऐसे हैं जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसी तरह 2018 में 195 उम्मीदवार ( नौ फीसदी ) ऐसे थे जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। । भाजपा के 200 में से 61 उम्मीदवारों ( 31त्र ) पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर कांग्रेस के 199 में से 47 उम्मीदवार ( 24त्र ) दागी हैं। बसपा के 185 में से आठ उम्मीदवारों ( 4त्र ) पर आपराधिक मामले चल रहे हैं। वहीं आम आदमी पार्टी के 86 में से 15 उम्मीदवारों ( 17त्र ) पर केस चल रहा है। इसी तरह भाजपा के 61 उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कांग्रेस के 34 उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामले का सामना कर रहे हैं। बसपा के आठ उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले चल रहे हैं। वहीं आप के 15 उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामले का सामना कर रहे हैं। राजस्थान में चुनाव लड़ रहे कुल उम्मीदवारों में 36 के खिलाफ महिला अपराध से जुड़े मामले दर्ज हैं। एक उम्मीदवार के खिलाफ दुष्कर्म की धारा ( आईपीसी 376 ) में मामला दर्ज है। चार उम्मीदवार हत्या से जुड़े मामलों ( आईपीसी 302 ) का सामना कर रहे हैं। ऐसे ही 34 उम्मीदवारों पर हत्या के प्रयास ( आईपीसी 307 ) से जुड़े मामले चल रहे हैं।

वैसे लोक सभा में भी आपराधिक मामलों से जुड़े सांसदों की संख्या कम नहीं है। तभी तो सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में पार्टियों से कहा था कि दागी उम्मीदवार खड़े करने के कारण स्पष्ट करें । वर्षों से चल रही बहस और अदालती निर्देशों के बावजूद लोक सभा में दागी यानी आपराधिक रिकॉर्ड वाले सांसदों की संख्या बढ़ती चली गई है । 2004 में दागी प्रतिनिधियों की संख्या 24 प्रतिशत थी , जो 2009 में 30 प्रतिशत , 2014 में 34 प्रतिशत और 2019 के लोक सभा चुनाव के बाद 43 प्रतिशत हो गई । सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने ने सितम्बर 2018 को एक फैसले में निर्देश दिया था कि दागी उम्मीदवार अपने आपराधिक रिकॉर्ड को प्रमुखता से सार्वजनिक करें , ताकि जनता को जानकारी रहे । राजनीतिक दल जिन दागियों को जिताऊ उम्मीदवार बताकर चुनाव मैदान में उतार देते हैं, उनके बचाव में वे न्याय शास्त्र के इस सिद्धांत की आड़ लेते हैं कि आरोपित जब तक न्यायालय से दोषी न करार दिया जाए, तब तक वह निर्दोष ही माना जाए। यह दलील उन मामलों में भी दी जाती है जिनमें उम्मीदवार के संगीन अपराध में लिप्त होने का आरोप होता है। अनेकानेक गंभीर मामलों में सबूतों के साथ चार्जशीट होने पर तो नेता और पार्टियों को कोई शर्म महसूस होनी चाहिए। चुनाव आयोग ने तो बहुत पहले यही सिफारिश कांग्रेस राज के दौरान की थी कि चार्जशीट होने के बाद उम्मीदवार नहीं बन पाने का कानून बना दिया जाये , लेकिन ऐसी अनेक सिफारिशें सरकारों और संसदीय समितियों के समक्ष लटकी हुई हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सांसदों - मंत्रियों आदि पर विचाराधीन मामलों के लिए अलग से अदालतों के प्रावधान और फैसले का आग्रह भी किया , लेकिन अदालतों के पास पर्याप्त जज ही नहीं हैं । असल में इसके लिए सरकार , संसद और सर्वोच्च अदालत ही पूरी गंभीरता से निर्णय लागू कर सकती हैं।

# अर्थव्यवस्था की उज्ज्वल तस्वीर, वैश्विक आर्थिक महाशक्तियों में अग्रणी बनने की राह

**अजय बग्गा**

इस बार दिवाली में देशवासियों ने 30,000 करोड़ रुपये के सोने-चांदी खरीदे। धनतेरस सप्ताहांत के दौरान भारतीय उपभोक्ताओं द्वारा 41 टन से ज्यादा सोना और 400 टन चांदी की खरीदारी की गई। कॉनफेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) के मुताबिक, दिवाली 2023 के सीजन में अब तक 3.75 लाख करोड़ रुपये की खुदरा और ऑनलाइन बिक्री हुई। खपत में उछाल का व्यापक प्रसार इस तथ्य से समझा जा सकता है कि 65 फीसदी ऑनलाइन बिक्री प्रथम श्रेणी के शहरों से बाहर हुई। बिक्री की यह रफ्तार पूरे त्योहारी सीजन के दौरान रहने की उम्मीद है।

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मजबूत घरेलू मांग के मद्देनजर भारत के 2023 के विकास पूर्वानुमान को 6.7 फीसदी पर बरकरार रखा है। प्रतिकूल वैश्विक आर्थिक पृष्ठभूमि के चलते निर्यात कमजोर रहने के बावजूद मूडीज ने अपने ग्लोबल मैक्रोइकॉनॉमिक आउटलुक 2024-25 में कहा कि घरेलू मांग में निरंतर वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही है। मूडीज ने कहा कि %हमें उम्मीद है कि भारत की वास्तविक जीडीपी 2023 में लगभग 6.7 प्रतिशत, 2024 में 6.1 प्रतिशत और 2025 में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।% भारत की वास्तविक जीडीपी जून की तिमाही में साल-दर-साल 7.8 प्रतिशत बढ़ी, जो मार्च तिमाही में 6.1 प्रतिशत थी। इसे घरेलू खपत और ठोस पूंजीगत व्यय और सेवा क्षेत्र की गतिविधि में छह प्रतिशत की वृद्धि से बल मिला।

मूडीज ने कहा कि संकेतक बताते हैं कि जून तिमाही की मजबूती जुलाई-सितंबर तिमाही में भी जारी रहने वाली है। %मजबूत जीएसटी संग्रहण,




ऑटोमोबाइल की बढ़ती बिक्री, उपभोक्ताओं की बढ़ती उम्मीदें और दहाई अंकों में क्रेडिट ग्रोथ के चलते मौजूदा त्योहारी मौसम में शहरी उपभोक्ता मांग लचीली बनी रहेगी। हालांकि ग्रामीण मांग, जिसमें शुरुआती सुधार के संकेत दिख रहे हैं, असमान मानसून के कारण कमजोर बनी हुई है, जिससे फसल की पैदावार और कृषि आय में कमी हो सकती है।% आपूर्ति के मामले में, विनिर्माण और सेवाओं के पीएमआई का विस्तार और बुनियादी उद्योगों का बेहतर उत्पादन ठोस आर्थिक गति का प्रमाण है। मूडीज का कहना है कि प्रतिकूल वैश्विक आर्थिक पृष्ठभूमि के बीच निर्यात कमजोर रहने के कारण, मजबूत घरेलू मांग से निकट भविष्य में विकास की गति बने रहने की संभावना है। त्योहारी मौसम के बाद घरेलू मांग की गतिशीलता मुद्रास्फीति और आरबीआई की मौद्रिक नीति के सख्त होने के प्रभाव पर निर्भर करेगी।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष ने कहा कि तेज आर्थिक गतिविधि मजबूत जीएसटी संग्रह का प्रमुख कारण है। जहां तक मुद्रास्फीति का सवाल है, तो अक्तूबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) उम्मीद के अनुरूप घटकर 4.87 फीसदी रहा। मुख्य सीपीआई मुद्रास्फीति में लगातार गिरावट जारी है। हालांकि भू-राजनीतिक संघर्ष और कच्चे तेल के बढ़ते मूल्य के कारण मुद्रास्फीति का जोखिम बना हुआ है। वित्त वर्ष 2024 में सीपीआई मुद्रास्फीति औसतन 5.3 फीसदी रहने की उम्मीद है। रिजर्व बैंक से अपेक्षा है कि वह मुद्रास्फीति पर अंकुश रखने और इसे चार फीसदी के लक्ष्य तक लाने के लिए ब्याज दरों को स्थिर रखेगा और बाजार में तरलता पर सख्ती रखेगा। खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 6.7 फीसदी पर स्थिर है।

अक्तूबर में मुख्य मुद्रास्फीति (खाद्य, पेय पदार्थ और ईंधन को छोड़कर सीपीआई) अप्रैल, 2020 के बाद से सबसे निचले स्तर 4.3 फीसदी (सितंबर~ 4.5 फीसदी) पर आ गई थी। वित्त वर्ष 2024 में मुख्य मुद्रास्फीति औसतन 4.5 फीसदी रहने की उम्मीद है, वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में इसके कुछ समय के लिए कम होकर चार फीसदी से कम होने की संभावना है। मुख्य मुद्रास्फीति में यह कमी रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति को कुछ राहत प्रदान करेगी। उम्मीद है कि वित्त वर्ष 25 में मुद्रास्फीति रिजर्व बैंक के चार फीसदी के लक्ष्य तक कम हो जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा जारी अक्तूबर के व्यापार आंकड़े के अनुसार, अक्तूबर में निर्यात में छह प्रतिशत और आयात में 11 फीसदी का इजाफा हुआ है। हालांकि, व्यापार घाटा बढ़कर 26 अरब डॉलर हो गया है। शेयर बाजार में शानदार बढ़त देखने को मिल रही है। कुल मिलाकर, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। कई वैश्विक विश्लेषक अर्थव्यवस्था के लचीले बुनियादी सिद्धांतों और पिछले कुछ वर्षों में उठाए गए निर्णायक नीतिगत कदमों को लेकर भारत के प्रति आशावादी हैं। भारत में घरेलू विकास मजबूत हो रहा है और भारतीय अर्थव्यवस्था पर बाहरी झटकों का असर कम पड़ता है। इस क्षेत्र में भारत में संरचनात्मक विकास की सबसे अच्छी संभावनाएं हैं। वर्ष 2024 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.5 फीसदी पर रहने की संभावना है। उम्मीद है कि 2024 में भारत में कॉरपोरेट मुनाफा 13 फीसदी से 15 फीसदी और 2025 में 14 फीसदी बढ़ जाएगा, जिससे सभी क्षेत्रों में व्यापक आधार पर वृद्धि दिखाई देगी। बैंकों ने अपने खराब ऋणों की समस्या का समाधान कर लिया है और कर्ज लेकर घर खरीदने वाले लोगों से लेकर कॉरपोरेट जगत और एमएसएमई तक सभी वर्गों को वित्त पोषित करने के लिए उनके पास पर्याप्त पूंजी है। गोल्डमैन सैक्स और मॉर्गन स्टेनली ने अपने पोर्टफोलियो निर्माण में भारतीय शेयरों को %अधिक वजन% वाले वर्ग में रखा है। गोल्डमैन सैक्स को उम्मीद है कि निफ्टी 50 इंडेक्स 2024 के अंत तक 21,800 तक पहुंच जाएगा, जबकि मॉर्गन स्टेनली ने 2024 के अंत तक बीएसई सेंसेक्स का लक्ष्य 74,000 रखा है। अगले वर्ष मार्च-अप्रैल में होने वाले संसदीय चुनाव से बाजार में कुछ अस्थिरता पैदा हो सकती है। लेकिन बैंक और वित्तीय, ऑटोमोबाइल, सीमेंट, औद्योगिक, बिजली और उपयोगिता जैसे घरेलू क्षेत्र 2024 में तेजी से आगे बढ़ेंगे। साथ ही, आने वाले दशकों में भी बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किए जाने की संभावना है। भारत फिलहाल 36 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है, लेकिन बहुत संभव है कि वर्ष 2030 या उससे पहले यह 70 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय शताब्दी पहले ही शुरू हो चुकी है, आगामी दशकों में यह वैश्विक आर्थिक महाशक्तियों में अग्रणी स्थान हासिल कर सकता है।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन




**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

रविवार दिन सेवा सदन प्राथमिक आंख जांच केंद्र सिवनी मालवा में जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति, वेन गिविंग फाउंडेशन तथा मिशन फॉर विजन द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ऑप्टोमेट्रिस्ट रज्जू सेन द्वारा 56 मरीजों की जांच की गई जिसमे 43 मोतियाबिंद के मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन हेतु सेवा सदन आई हॉस्पिटल ट्रस्ट संत हिरदाराम नगर भोपाल भेजा गया। पूर्व नेत्र परीक्षण अधिकारी गुप्ता, नगर के समाजसेवी अनिल कलवानी,परियोजना समन्वयक प्रिंस बेलवंशी, हेल्थ वर्कर दीपिका जनोरिया डाटा एंट्री ऑपरेटर मोनिका बकोरिया उपस्थित रहे।

## किसानों को पड़ रहे हैं बोनी के लाले

# डीएपी खाद- बीज नहीं मिलने से किसान हो रहा है परेशान

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**




अपने आप को किसान हितेषी सरकार कहलाने वाली सरकार भी इन दिनों किसानों के ऊपर ध्यान नहीं दे पा रही है। जिसके कारण आज किसान डीएपी खाद और बीज के लिए परेशान है। किसानो को अपनी रवि की फसल गेहूं चना बोना है लेकिन डीएपी खाद ना तो बाजार में है और ना ही सोसाइटियों में अब इस दशा में किसान अपनी बोनी कैसे करें। वही सोसाइटियों में भिजवाया गया किसानों के खाद को सेल्समेन द्वारा कालाबाजारी कर इस खाद को महंगे दामों में बेच दिया जाता है।

इसका एक उदाहरण पिछले 5 महीने पहले ही मिला था कृषि विभाग के अधिकारियों ने खाद को ब्लैक में बेचने का एक मामला पांच चार पहिया वाहनों को जप्त कर बनाया था। इससे ऐसा प्रतीत होता था कि सिवनी मालवा क्षेत्र से बड़े पैमाने पर खाद की कालाबाजारी की जाती है। ऐसी स्थिति आदिवासी क्षेत्रों में बनी जिला सहकारी बैंक की सरकारी समितियां में भी देखने को मिलता है इन समितियां में सेल्समैनों द्वारा खाद की कालाबाजारी करने के कारण आज जो वास्तविक किसान है उनको खाद नहीं मिल पा रहा है। यही स्थिति कृषि विभाग में भी है कृषि विभाग में चना खरीदने के लिए 16,900 रूपये का डेढ़ कुंटल चना मिल रहा है अब इस स्थिति में डेढ़ कुंटल चने के लिए एक किसान को 16,900 रूपये की दर से जमा करना होंगे उसके खाते में कई दिनों बाद 10,000 की सब्सिडी आएगी फिलहाल किसानों के पास एक हफ्ते से मंडी बंद होने के कारण पैसे की वैसे ही कमी है अब इस स्थिति में किसान बोनी के लिए खाद बीज के लिए पैसा कहां से लाएं अगर अपने आप को किसान हितैसी सरकार होती तो 5 एकड़ से काम वाले किसानों को सब्सिडी काट के भी बीज उपलब्ध करवा सकती है लेकिन नियम कानून सभी के लिए समान है फिलहाल किसानों को डीएपी खाद और बीज के लिए यहां वहां भटकते हुए आसानी से देखा जा सकता है। अगर डीएपी खाद बाजार में खाद की दुकानों पर मिल भी रही है तो वह ऊंचे दामों पर बेची जा रही है डीएपी खाद की कालाबाजारी जमकर की जा रही है जिसे सिवनी मालवा में देखने और रोकने वाला कोई नहीं है।

## रक्षा संस्थान सीपीई ने मनाया स्थापना दिवस

# रजत पदक एवं प्रमाण पत्र देकर किया गया अधिकारियों को सम्मानित

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**




जिले के प्रतिष्ठित रक्षा संस्थान सीपीई में 52 वां स्थापना दिवस मनाया गया। प्रशासनिक क्षेत्र में कमांडेंट ब्रिगेडियर के जे सरवैया ने राम मंदिर में पूजन अर्चन के बाद पीर बाबा दरगाह में चादर भेंट कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया.इसके बाद सुखतवा स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद तकनीकी क्षेत्र में शस्त्र उपकरणों का पूजन किया गया । साथ ही डीजीक्यूए मुख्यालय से प्राप्त पुरुस्कारों का वितरण एवम लॉग सेवा अवार्ड से रजत पदक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सीपीई में कमांड के भूतपूर्व अधिकारियों मेजर जनरल के पी सिन्हा, ब्रिगेडियर एस के बाली, ब्रिगेडियर एम के गंजू, ब्रिगेडियर आर ए यादव, ब्रिगेडियर टी के रॉय, कर्नल एस डी चौधरी, लेफ्टिनेंट कर्नल संकल्प राउत, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी ए सी गोयल, एस शिंदे, ए अनब्राशन आदि ने भी कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका हालचाल पूछा और अपने दिनों के अनुभवों की यादें ताजा की । कमांडेंट ब्रिगेडियर के जे सरवैया, कर्नल प्रशासनिक कर्नल प्रेम कुमार यादव ने डीजीक्यूए मुख्यालय से प्राप्त बैच, नगद पुरुस्कार सर्व संजय जाधव, सहायक अभियंता, सूबेदार मेजर रंजीत सिंह, नायब सूबेदार देशमुख, ब्रज किशोर श्रीवास, एम व्ही दावरे, दिलीप सिंह सोलंकी, सूबेदार पी के मोहंती, रामगोपाल यादव, लांस नायक अनीस कुमार आदि को पुरुस्कार दिए गए एवम लॉग सेवा अवार्ड से कृष्ण कुमार, तुलसीराम सराठे, अतर सिंह, अशोक कुमार बरखाने, रामगोपाल यादव, देवेंद्र कुमार मिश्रा, अमित कुमार सोनी, राम सिंह मालविया को रजत पदक एवम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कर्नल तकनीकी, लेफ्टिनेंट कर्नल ए एस गायकवाड़ , लेफ्टीनेंट कर्नल मोहित शर्मा , लेफ्टीनेंट कर्नल धीरज खन्ना, लेफ्टीनेंट कर्नल संजय जुआल, आरएमओ मेजर गुप्ता , वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पॉल पी जॉर्ज एवं बड़ी संख्या में सेना के अधिकारी सभी विभागों के प्रभारी अधिकारी, हिंदी समिति, कर्मचारी संगठनों, इंजीनियर्स एसोसिएशन, जेसीएम , महिला समिति, कार्य समिति के पदाधिकारियों के आलावा बड़ी संख्या में सैन्य जवान और सिविलियन कर्मचारी उपस्थित रहे । कमांडेंट ब्रिगेडियर के जे सरवैया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सीपीई के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सभी सैन्य जवानों, डीएससी कंपनी के जवानों, सिविलियन कर्मचारियों एवं उनके परिवार जनों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं । कार्य समिति द्वारा स्नेह भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राकेश चौरे, मुरलीधर मेहरा, देवेंद्र सेन, सुरेन्द्र मेहरा, पराग दीक्षित, मौसम तिवारी, राकेश शर्मा, ओमप्रकाश ग्यारसे, सत्येंद्र सिंह यादव, भंडार अधिकारी रामजीत प्रसाद, फूल सिंह तारे, अशोक बरखाने आदि का योगदान सराहनीय रहा । सफल संचालन हिंदी अधिकारी किशोर तमस्कर द्वारा किया गया.अपना अमूल्य समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पॉल पी जॉर्ज ने व्यक्त किया।

## 3 दिसम्बर शुष्क दिवस घोषित

सीहोर । भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार विधानसभा निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा 03 दिसम्बर 2023 को मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार शुष्क दिवसों में संपूर्ण जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल-3 होटलबार एवं जिले में स्थित देशी मद्यभाडागार सीहोर, आष्टा, भैरूंदा से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

# गेंहूं फसल में जड़ माहू कीट का प्रकोप

**सीहोर।** कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा इछावर विकासखंड के ग्राम सेवनियां, खेरी, निपानिया में गेहूं फसल का निदानिक भ्रमण किया। गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी गेंहूं फसल में जड़ माहू कीट का प्रकोप दिखाई दे रहा है। गेंहूं फसल के खेतों में अनेक स्थानों पर पौधे पीले होकर सूख रहे हैं। समय पर निदान न किये जाने पर इस कीट द्वारा गेंहूं फसल में बड़ी क्षति की सम्भावना रहती है। जड़ माहू कीट गेंहूं के पौधे के जड़ भाग में चिपका हुआ रहता है, जो निरन्तर रस चूसकर पौधे को कमजोर व सुखा देता है। प्रभावित खेतों में पौधे को उखाड़कर ध्यान से देखने पर बारीक-बारीक हल्के पीले, भूरे व काले रंग के कीट चिपके हुए दिखाई देते हैं। मौसम में उच्च आर्द्रता व उच्च तापमान होने पर यह कीट अत्यधिक तेजी से फैलता है। अनुकूल परिस्थितियाँ होने पर यह कीट सम्पूर्ण फसल को नष्ट करने की क्षमता रखता है। कृषि विज्ञान केन्द्र, सेवनिया के कृषि वैज्ञानिक श्री धर्मेंद्र पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन क्षेत्रों में अभी तक गेंहूं फसल की बुवाई नही की गयी है, वहाँ पर बुवाई से पूर्व इमिडाक्लोरोप्रिड 48 प्रतिशत, एफएस. की 01 मिली. दवा अथवा थायोमेथॉक्जॉम 30 प्रतिशत, एफएस दवा की 1.5 मिली मात्रा प्रति किलोग्राम की दर से बीज उपचार अयवश्य करें।

# जिले में 80.19 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मतदान



**रायसेन ।** मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए रायसेन जिले की चारों विधानसभाओं उदयपुरा, भोजपुर, सांची और सिलवानी में सभी 1226 मतदान केन्द्रों पर 17 नवम्बर को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे ने बताया कि मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह रहा। जिले में मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 में कुल 80.19 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें 82.37 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं, 77.82 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 51.28 प्रतिशत थर्ड जेण्डर मतदाताओं ने मतदान किया। जिले में कुल 806734 मतदाताओं ने मतदान किया, इनमें 432018 पुरूष मतदाता, 374702 महिला मतदाता और चार थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल हैं।

## बदलते मौसम में बढ़ सकती है निमोनिया की संभावना

**सीहोर ।** बदलते मौसम में बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं उसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी की गई हे। निमोनिया के आकलन, निमोनिया का वर्गीकरण, खतरनाक लक्षणों के चिन्हों की पहचान, समुदाय आधारित निमोनिया का प्रबंधन, उपचार एवं रेफरल के संबंध में मैदानी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों को निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं एसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए विभाग तैयार है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की एएनएम को निमोनिया के संबंध जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सर्दी के मौसम में बच्चों में निमोनिया के केसेस ज्यादा पाए जाते हैं। इसे देखते हुए मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अवगत किया गया है। जिससे कि वह अपने क्षेत्र में निमोनिया के लक्षण वाले बच्चों की शीघ्र पहचान कर शीघ्र प्रबंधन कर सकें। निमोनिया से बचाव एवं जागरूकता के लिए विभाग द्वारा 29 फरवरी तक सांस अभियान संचालित किया जायेगा। निमोनिया फेफड़े का संक्रमण है। जिससे फेफड़ों में सूजन हो जाती है।

**मेट्रो एंकर**

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं राष्ट्र ने हित में कार्यों को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए

# इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित




**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर युवक कांग्रेस के नेतृत्व में इन्द्रा चौक पर स्थित इंदिरा गाँधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए. इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रीमती इंदिरा गांधी की कार्य शैली और उनके द्वारा किए गए राष्ट्र हित में कार्यो को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए. युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव फैजान उल हक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश की उन्नति एवं तरक्की में अहम योगदान दिया है. श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल में कई ऐसे कार्य किया जिससे विश्व में भारत का मान सम्मान बड़ा है। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी बीनू बुधोलिया, युवक कांग्रेस प्रदेश सचिव फेजान उल हक, राकेश शर्मा, राजेन्द्र दोहरे, अनोखेलाल राजोरिया , बबलू राठौर, मो. आमिर, नीरज सेनी, रिजवान खान, रवि विश्वकर्मा, सत्यम तिवारी, रेहान मिर्ज़ा, तारा कदम, कुरबान बेग, रोहन जैन, शादाब खान , समीर खान, तोहिद, अंकित दुबे आदि उपस्थित थे।




## वर्ल्ड कप का फाइनल मैच होने के कारण अधिकांश प्रतिष्ठान रहे बंद

# सड़कों पर छाया रहा सन्नाटा, मैच पर जमकर लगाया गया सट्टा, पुलिस को खबर तक नहीं



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।** रविवार के चलते वैसे ही छुट्टी रहती है। दूसरी ओर वर्ल्ड कप का फाइनल क्रिकेट मैच होने के कारण अधिकांश व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान नहीं खोले जो खुले हुए थे वह भी दोपहर के बाद बंद होते हुए नजर आए, क्योंकि मैच के चलते बाजार में पूरी तरह से चहल पहल गायब दिखाई दी मैन बराबर भी जैसे ही मैच प्रारंभ हुआ तो सड़कों पर आवाज आई पूरी तरह से बंद हो गई सड़कों पर भी सन्नाटा छाया गया सभी लोग अपने-अपने घरों में टीवी पर मैच देखते हुए नजर आए रोहिल पुरा के आगे बड़ी स्कीम पर मैच दिखाने की व्यवस्था की गई थी जहां पर बड़ी संख्या में लोग मैच देखने पहुंचे पर जिस तरह की प्रदर्शन की उम्मीद सभी को भारतीय टीम से थी उस का प्रदर्शन भारतीय बल्लेबाजों के द्वारा नहीं किया गया तो अधिकांश खेल प्रेमियों में मायूसी भी देखने को मिली फिर भी क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद थी कि भारतीय बल्लेबाज तो अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया पर अच्छी गेंदबाजी करके भारतीय टीम को वर्ल्ड कप जीतने का काम बॉलर करेंगे बड़े स्तर पर वर्ल्ड कप के फाइनल मैच को लेकर नगर वासियों के द्वारा तैयारीयां की गई थी मंदिरों में प्रार्थना का दौर भी देखने को मिला अधिकांश लोगों ने पहले से ही वर्ल्ड कप को लेकर घर पर रहकर मैच देखने की तैयारी कर रखी थी। और लोग टीवी के आगे बैठकर मैच का लुफ्त उठाते हुए नजर आए इसका ऐसा असर रहा की बाजार में दिन भर सन्नाटा छाया रात में भी बहुत काम लोग बाजार में नजर आए नहीं तो इन दोनों चुनाव संपन्न होने के बाद अधिकांश लोग चांदनी चौक में पहुंचकर चुनाव के मामले को लेकर चर्चा करते हैं हर जीत को लेकर भी चर्चाओं का दौड़ चलता है। प्रतिबंध के बाद भी बड़ी संख्या में लोगों ने क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने का काम किया। हैरानी की बात तो यह रही कि लोगों ने मैच के साथ हर बॉल और हर रन पर पैसा लगाने का काम किया इसके चलते कई लोग मोटी रकम इस खेल पर लगाकर गंवाते हुए भी नजर आए इस खेल को बड़े ही शतिर तरीके से संचालित किया जा रहा है । मोबाइल पर लिंक भेज कर पैसा लगवाने का काम किया जाता है। सट्टा लगाने वालों को पहले खिलाने वाले व्यक्ति से संपर्क करना पड़ता है फिर उसके द्वारा इनको जिसमें लिक भेज उसके के माध्यम से हर गेंद हर रन और हर ओवर से लेकर मैच पर पैसा लगवाने का काम करवरकर क्रिकेट पर सट्टा लगवाया जा रहा है। इस तरह से खेल खिलौने से पुलिस भी इनको नहीं पकड़ पाती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सट्टे के खेल को अंजाम देने वालों के द्वारा खिलाड़ियों को पहले लिंक भेजी जाती है उसके माध्यम से पैसे लगाने का इन्हें ऑप्शन दिया जाता है ।जैसे ही शौकीन इस लिंक को खोलकर पैसे लगते हैं तो उनका खेल प्रारंभ हो जाता है ।अधिक क्रिकेट पर सट्टा लगाने वाले ज्यादा के चक्कर में पैसा इस खेल में लगाकर बर्बाद भी हो रहे हैं । वर्ल्ड कप फाइनल पर तो सट्टे का बोलबाला रहा दूसरी ओर इस तरह से खेल को अंजाम देने वालों की पुलिस को कोई भनक भी नहीं लग पाई। वहीं पुलिस सट्टा खिलाने वालों पर कार्रवाई करने की बात तो कहती है पर सट्टा खिलाने वालो पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर पा रही है। तभी तो कई दिनों से क्रिकेट पर सट्टा लगाने का काम चल रहा है पर पुलिस किसी को भी नहीं पकड़ पाई है और ना ही खिलाने वालो तक पुलिस के हाथ पहुंच सके।

## छोटी-बड़ी खबरें

### मतदान कराकर देर रात तक लौटे दलों का हुआ स्वागत

**रायसेन।** मप्र विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत रायसेन जिले में मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान दलों द्वारा मतदान संपन्न कराने के पश्चात जिला मुख्यालय रायसेन में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए मतदान सामग्री वापसी केन्द्र पहुंचने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने मतदान दलों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। देर रात तक मतदान दलों का आने का सिलसिला जारी रहा। कलेक्टर के निर्देशानुसार मतदान कराकर वापस लौट रहे दलों के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में अल्पाहार सहित समुचित व्यवस्थाएं की गईं थीं।

### बदला मौसम सुबह छा रही धुंध

**रायसेन।** रायसेन में दिवाली के बाद से मौसम में बदलाव हो गया है। दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। वहीं रात के समय तेज सर्दी का एहसास भी हो रहा है। जबकि सुबह खेतों और शहर से कोहरे छाने लगा है। मौसम के जानकारों के मुताबिक पूर्व से हवा चलने के कारण बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। वहीं तापमान कम रहने के कारण सुबह के वातावरण में धुंध छाने लगा है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में पारा में गिरावट दर्ज की जाएगी।

## 3 दिसंबर को आएगा परिणाम, भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी ने मतदाताओं का जताया आभार

# विधानसभा चुनाव: दोनों दलों के समर्थक हार और जीत के लगाते रहे आंकड़े

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो। 2018 के चुनाव की अपेक्षा में इस बार 8 से अधिक वोटिंग होने से समीकरण सभी के अंदाज लगाने के आंकड़े भी विफल हो सकते हैं। चुनाव संपन्न होने के बाद से ही हार जीत के दावों का दौर भी प्रारंभ हो गया है, हार और जीत पर पैसे लगाने का काम भी कई लोगों के द्वारा किया जा रहा है । जब तक परिणाम नहीं आएगा तभी तब तक इसी तरह की चर्चाएं गली मोहल्ले चौक चौराहा का पान चाय की दुकानों पर होती रहेगी। रिकॉर्ड वोटिंग प्रतिशत किसके पक्ष में गई है इसका कहना भी संभव नहीं है। पर काम वोटो से हार जीत देखने को मिलेगी।**

वोटिंग प्रतिशत बढ़ने से फायदा हमेशा भाजपा को ही होता है ऐसी चर्चाएं हो रही है, क्योंकि अधिकांश मतदाताओं ने साइलेंट होकर अपने मत का उपयोग किया है। इसके कारण सही अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता है वोटिंग बढ़ाने के कई तरह के फैक्ट भी दिए जा रहे हैं जिसमें सभी के अपने-अपने तर्क हैं जहां भारतीय जनता पार्टी के समर्थन या मान रहे हैं की वोटिंग बढ़ने से उनको अधिक फायदा होगा उनके प्रत्याशी। की जीत हो सकती है दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के समर्थकों का कहना है की वोटिंग बढ़ने से कांग्रेस को ही विजय प्राप्त होगी दिन भर इसी बात को लेकर चर्चा होती रही। थोड़ी देर में कांग्रेस प्रत्याशी को जिता दिया और थोड़ी देर के बाद ही भाजपा प्रत्याशी को जिताने का काम किया जा रहा था। किस्मत किसी को विधानसभा भेजेगी इसका फैसला तो 3 दिसंबर को परिणाम आने के बाद ही सामने आएगा। तब तक इसी तरह हर दिन और देर रात तक चांदनी चौक में चर्चाएं होती रहेगी अधिकांश चाय पान की दुकानों पर भी हार जीत को लेकर ही चर्चा हो रही है। दूसरी ओर चुनाव संपन्न होने के बाद देर रात को भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा अपने घर पर कार्यकर्ताओं से मिलते रहे आंकड़ों को लेकर भी चर्चा होती रही। दूसरी ओर इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी के घर समर्थकों ने अपने-अपने आंकड़े बताते हुए जीत का दावा किया दूसरी ओर इन सब के दावों की सच्चाई तो 3 दिसंबर को ही सामने आएगी। जानकारों से जब हमने चर्चा की तो उनका कहना था इस बार हर जीत का अलंकार नहीं किया जा सकता है दोनों प्रत्याशियों ने कड़ी मेहनत करके कांटे की टक्कर का चुनाव बनाया है कुछ जानकारी का कहना है कि जब भी वोट प्रतिशत बंपर होता है तो बदलाव की बात होती है दूसरी और कुछ जानकारी का यह भी कहना है कि वोट प्रतिशत बढ़ने से भाजपा को हमेशा फायदा होता है। दूसरी ओर इस बार मतदाताओं ने भी ज्यादा वोटिंग की जिनमें महिला वोटरों की संख्या पिछली बार की अपेक्षा ज्यादा रही इनकी भीड़ सुबह से लेकर देर शाम तक मतदान केदो पर लगी रही मतदान प्रतिशत भी 80.29: रिकॉर्ड तोड़ हुआ है। महिला वोटरों में 77.37 मतदान किया वहीं पुरुषों ने 82.82 प्रतिशत मतदान किया थर्ड जेंडर की बात करें तो 63.64 प्रतिशत रहा कुवल 1780035 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया जिसमें पुरुष वोटरों की संख्या 96853 महिला मतदाताओं की संख्या 81175 एवं सात अन्य मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। 2018 में 72: मतदान हुआ था इस बार 8: अधिक वोटिंग परसेंट में भी वृद्धि हुई है।

### प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार अच्छे बहुमत से बन रही है...



शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ सभी मतदाताओं लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष रूप से मतदान किया है मुझे भरपूर स्नेह प्रेम देने के लिए सभी मतदाताओं का हृदय की गहराई से बहुत-बहुत आभार धन्यवाद मतदान संपन्न होने के बाद भी मैं अपने क्षेत्र के लोगों से मिलने उनके बीच गया था जीत भी सबके सहयोग से अच्छी हो रही है, प्रदेश मैं भी कांग्रेस की सरकार अच्छे बहुमत से बन रही है।

– **गगनेंद्र रघुवंशी,** कांग्रेस प्रत्याशी

### अच्छी वोटों से विजय प्राप्त होगी प्रदेश में भाजपा सरकार बनेगी...



मेरे क्षेत्र के प्रिया मतदाताओं ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए खुले मन से मतदान किया है। सभी ने भाजपा की रीति नीति के लिए मुझे भरपूर आशीर्वाद प्रेम स्वरूप बोट रूप में खुले मन से दिया है। मैं अंतरात्मा की गहराइयों से सभी मतदाताओं और क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त करता हूं अच्छी वोटो से विजय प्राप्त होगी प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनेगी।

– **उमाकांत शर्मा,** भाजपा प्रत्याशी

**मेट्रो एंकर** | मदन मोहन सरकार पर कार्तिक महोत्सव का आयोजन

# गौ सेवा ब्राह्मण वैष्णव की सेवा करने से भगवान होते हैं प्रसन्न: *नवनीत महाराज*



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।** नगर के प्रसिद्ध मंदिर मदन मोहन सरकार पर कार्तिक महोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सुबह-शाम मंगल आरती के बाद अलग-अलग तरह के व्यंजनों का भोग सरकार को लाया जाता है । इसके उपरांत प्रसादी का वितरण किया जाता है। मंदिर के प्रधान पुजारी नवनीत महाराज के द्वारा कार्तिक मास की कथा में... तुम्हारा लिखवाओसे निज दया से,सुन्दर भाव बताकर कार्तिक मास तेइसवां अध्याय सुनो सुधाकर जयविजयावूचतुः भक्तावावां कथं देव ग्राहमातङ्ग्योनिगौ । भविष्यावः कृपासिन्धो तच्छापो विनिवर्त्यताम्।। विष्णु भगवान् ने कहा कि मेरे भक्तों की वाणी कभी असत्य नहीं हो सकती यमराज भी इस विषय में कुछ नहीं कर सकता। इसी कारण हे धर्मज्ञ ! तुम भी नित्य विष्णु का व्रत किया करो ईर्षा और द्वेष को छोड़कर समदृष्टि से जगत् के सब जीवमात्र को देखा करो, गौ, ब्राह्मण, वैष्णवों की सेवा में इस इतिहास को जो सुनता है और सुनाता है वह जगद्गुरु की सत्कृपा से हरि भगवान् के समीप पहुँचा देनेवाली मति को पाता है। श्री देवाधिदेव मदनमोहन जी सरकार के सिद्ध चौतन्य दरबार में कार्तिक महोत्सव की मंगला आरती मे आज भोग आलू चना चाट का भोग लगाया गया साथ ही केसर दूध, फल, तांबूल, मगध, दही, रबड़ी, मेवे का भोग लगाया गया।

# बांके बिहारी मंदिर पर हुआ अन्नकूट, खाटू श्याम की हुई भजन संध्या ने बांधा समा



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।** कठली बाजार में स्थित बांके बिहारी मंदिर पर अन्नकूट का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान बांके बिहारी जी की विधि विधान से पूजन हुई साथ ही भगवान को अन्य कूट का भोग लगाया गया। साथ ही यहां पर खाटू श्याम जी की आकर्षित रूप से प्रतिमा भी सजाई गई थी जिसको देखते हुए ऐसा लग रहा जैसे कि खाटू श्याम जी के दर्शन हो रहे हो पूरा मंदिर खाटू श्याम जी की जयकारों से गुंजन उठा भगवान को अन्नकूट का भोग लगाने के बाद आरती हुई इसके बाद प्रसादी का वितरण बांके बिहारी समिति के द्वारा किया गया।इसी उपलक्ष में भजन संध्या का आयोजन भी किया गया था भजन गायक नीरज शर्मा ने खाटू श्याम जी के भक्ति से ओत-प्रोत भजनों की शानदार प्रसूति देखकर सभी को मगध मुग्ध कर दिया महिलाओं और पुरुष भगवान खाटू श्याम जी की भक्ति में लीन होकर झूमते नाचते नजर आए यहां का दृश्य देखते ही बन रहा था प्रसादी लेने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा समाज सेवी राम प्रकाश साहू ने बताया कि बांके बिहारी जी को अन्न कूट भोग लगाया गया। इसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

## महिला कांग्रेस प्रभारी ने किया आभार व्यक्त



सिरोंज, दोपहर मेट्रो। सिरोंज-लटेरी महिला कांग्रेस प्रभारी रानी साहू ने अपने महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा की सभी क आभार करते है कमलनाथ सरकार बन्ने के बाद कमलनाथ जी ने जो वायदे किये उनका लाभ महिला को दिया जाएगा।

# भारत की हार के बाद हर चेहरा उदास

## खराब शॉट खेलकर कप्तान ने गंवाया विकेट, तीन विकेट मिलने के बाद भी अटैक नहीं किया



*अहमदाबाद, एजेंसी। टीम इंडिया को रविवार को वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 विकेट की करारी हार झेलनी पड़ी। भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में जिस दबदबे के साथ प्रदर्शन किया, खिताबी मुकाबले में उसे कायम नहीं रख सकी। अहमदाबाद के पीएम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 241 रन का टारगेट ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने 43 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ट्रैविस हेड ने 120 बॉल पर 137 और मार्नस लाबुशेन ने 110 बॉल पर 58 रन की नाबाद पारी खेली।*

### रोहित शर्मा की केयरलेस बल्लेबाजी

रोहित शर्मा ने उसी तरह बल्लेबाजी की, जैसी वे इस वर्ल्ड कप में पहले से करते आ रहे थे। जिस तरह शॉट खेलकर वे आउट हुए, उसे केयरलेस कहा जाएगा। पावर-प्ले के 9 ओवर में भारत का स्कोर 66/1 था। 10वां ओवर लेकर पार्ट टाइम गेंदबाज ग्लेन मैक्सवेल आए। रोहित उनकी पहली तीन गेंद पर 10 रन बना चुके थे। इसके बावजूद उन्होंने चौथी गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की और कैच आउट हो गए। इससे भारतीय पारी का मोमेंटम टूट गया।

### विराट का गलत समय आउट होना

रोहित के आउट होने के बाद अय्यर 4 रन बनाकर आउट हो गए। फिर विराट ने राहुल के साथ 67 रन की साझेदारी की। ये दोनों टीम को बड़े स्कोर की ओर ले जा रहे थे, तभी विराट पैट कमिंस की गेंद पर प्लेड-ऑन हो गए। यहां से भारतीय पारी अटक गई और बाद में आने वाले बल्लेबाज खुल कर नहीं खेल सके।

### बॉलिंग व फील्डिंग में अटैक कम किया

241 रन का छोटा सा स्कोर चेज करने उतरी टीम इंडिया पावरप्ले में हावी रही। शमी ने अपने पहले ओवर में डेविड वॉर्नर का विकेट निकाला। फिर बुमराह ने मिचेल मार्श और स्टीव स्मिथ को पावरप्ले में चलता कर दिया। पावरप्ले में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 60 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। यहां से रोहित शर्मा ने बॉलिंग और फील्डिंग में अटैक कम कर दिया।

## भारतीय कप्तान ने कहा- 'हमने 20-30 रन कम बनाए', द्रविड़ बोले- गलत टाइम पर विकेट गंवाए



वर्ल्ड कप के फाइनल में टीम इंडिया की हार पर कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हमने 20 से 30 रन कम बनाए। आज हमारा दिन नहीं था और हमने अच्छी बैटिंग नहीं की। रोहित ने हेड-लाबुशेन की शतकीय साझेदारी को ऑस्ट्रेलिया की जीत का श्रेय दिया। उन्होंने कहा- हेड-लाबुशेन की पार्टनरशिप ने मैच को हमसे दूर किया। दोनों की साझेदारी ने हमें खेल से पूरी तरह बाहर कर दिया। मैच के बाद भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने कहा- हमने गलत टाइम पर विकेट गंवाए। पहले रोहित, फिर विराट और लास्ट में राहुल बहुत गलत टाइम पर आउट हो गए। बाद में छठे बॉलर की कमी महसूस हुई। अहमदाबाद में रविवार को फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराया।

### रोहित बोले- दूसरी पारी में पिच आसान हुई

आज हमारा दिन नहीं था, लेकिन गेम-1 से जैसा हमने खेला, टीम की परफॉर्मेंस से खुश हूं। राहुल व विराट जब बैटिंग कर रहे थे, तब हमें लगा कि 270 तक का स्कोर ठीक रहेगा। पारी खत्म होने के बाद लगा कि हमने 20 से 30 रन कम बनाए। हम जितनी कोशिश कर सकते थे, उतनी कोशिश की। पिच दूसरी पारी में बैटिंग के लिए आसान हो गई। हमें पता था कि पिच दूसरी पारी में अच्छी होगी, लेकिन हमने बैटिंग में निराश किया।

### फाइनल में हम बेस्ट गेम नहीं खेल सके

भारतीय टीम के चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने कहा- हमारा दिन खराब रहा। टीम के ओवरऑल प्रदर्शन से खुश हूं। इस पूरे टूर्नामेंट में जिस तरह का क्रिकेट हमने खेला, टीम ने सब को प्राउड फील कराया। फाइनल में हम अपना बेस्ट गेम नहीं खेल सके। पिछले 2 साल में जिन प्लेयर्स के साथ मैंने काम किया, उनके प्रदर्शन से बहुत स्पेशल महसूस किया। ऑस्ट्रेलिया अच्छी टीम है, वो 8 लगातार जीत के साथ फाइनल खेलने पहुंचे। ड्रेसिंग रूम में निराशा है, प्लेयर्स और सपोर्ट स्टाफ निराश है। कुछ टाइम बाद जब इस परफॉर्मेंस पर नजर डालेंगे, तो टूर्नामेंट में खुद के प्रदर्शन से खुश ही होंगे। 2027 वर्ल्ड कप के बारे में अभी नहीं सोच रहा।

### ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस बोले- हमने हमारा बेस्ट फाइनल के लिए बचा रखा था

कमिंस बोले- हमने हमारा बेस्ट लास्ट मैच के लिए बचा कर रखा। हमने पूरे टूर्नामेंट में पहले बैटिंग की, आज सोचा कि दूसरी पारी में बैटिंग आसान होगी। पिच बहुत स्लो थी, हमने जितनी स्पिन सोची थी, उतनी स्पिन हुई नहीं। इस तरह के स्लो विकेट पर स्लोअर बॉल और बाउंसर का ही इस्तेमाल सही रहता है। हम 300 के अंदर टीम को रोकना चाहते थे, 240 पर रोक कर हम खुश थे। मेडिकल टीम और सिलेक्टर्स के कारण ट्रैविस हेड खेल पाए। क्राउड शानदार था, भारत में क्रिकेट देखने का पैशन बेहतरीन है। ओपनर्स ने बेहतरीन परफॉर्म किया, शुरुआती 2 मैच हारने के बाद ट्रॉफी जीतना मुझे लम्बे समय तक याद रहेगा।

## फीफा विश्व कप: सर्वश्रेष्ठ टीमों में शामिल होना है तो हमें अपनी पद्धति में सुधार करना होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

2026 में फीफा विश्व कप होगा। एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के संयुक्त-क्वालीफिकेशन अभियान के राउंड 2 में भारत का नेतृत्व करेंगे। दिग्गज खिलाड़ी ने कहा कि घरेलू मैदान पर अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन ने टीम को और अधिक व्यवस्थित रूप दिया है। मुझे लगता है कि यह सिर्फ टीम का मनोबल है, या पिछले छह से आठ महीनों में क्या हुआ है। बहुत सारे लड़कों ने टीम में अपनी जगह बना ली है. और इसीलिए हम शायद अधिक तैयार हैं। भारत इस साल घरेलू मैदान पर खेले गए सभी 11 मैचों में अजेय रहा है। यह सिलसिला लगभग चार साल तक चला, आखिरी हार सितंबर 2019 में फीफा विश्व कप क्वालीफायर में ओमान के खिलाफ गुवाहाटी में हुई थी। घर पर हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। बाहर के खेलों में, हमने ऐसा नहीं किया। अगर हमें अगले दौर में जाना है और



एशिया की 18 सर्वश्रेष्ठ टीमों में शामिल होना है तो हमें अपनी पद्धति में सुधार करना होगा। यहां, हर खेल में हर अंक मायने रखता है, क्योंकि हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें क्वालीफाई करती हैं।

## नीदरलैंड, स्विटजरलैंड और रोमानिया ने यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई किया, फ्रांस की रिकॉर्ड जीत

**लंदन, एजेंसी**

नीदरलैंड, स्विटजरलैंड और रोमानिया ने यूरो 2024 में अपनी जगह सुरक्षित की जबकि फ्रांस ने जिब्राल्टर को 14-0 से हराया, जो यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग में सबसे बड़ी जीत है। नीदरलैंड को क्वालीफाई करने के लिए आयरलैंड के खिलाफ मैच में केवल जीत की जरूरत थी। उसने वाउट वेघोर्स्ट के 12वें मिनट में किए गए गोल की मदद से 1-0 से जीत दर्ज की। स्विट्जरलैंड ने कोसोवो के साथ 1-1 से ड्रा खेला। रोमानिया की तीसरे स्थान की टीम



इजराइल के खिलाफ 2-1 से जीत के बाद स्विट्जरलैंड को क्वालीफाई करने के लिए केवल ड्रा की जरूरत थी। इस बीच फ्रांस ने जिब्राल्टर को 14-0 से हराकर अपनी अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की। यह स्पर्धा का नया रिकॉर्ड है। स्टार स्ट्राइकर काइलन एमबापे ने हैट्रिक बनाई जबकि फ्रांस के 9 खिलाड़ियों ने गोल किये। जिब्राल्टर की तरफ से एक आत्मघाती गोल किया। फ्रांस ने इससे पहले सबसे बड़ी जीत 1995 में अजरबेजान के खिलाफ दर्ज की थी। उसने तब अजरबेजान को 10-0 से हराया था।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## कभी मंसूर के साथ काम नहीं करूंगी- तृषा

साउथ के सुपरस्टार थलापति विजय की फिल्म 'लियो' एक बार फिर से चर्चा में है। इस बार वजह है फिल्म में नजर आए एक्टर मंसूर अली खान का विवादित बयान। मंसूर ने फिल्म में अपनी को-एक्ट्रेस रहीं तृषा कृष्णन को लेकर एक आपत्तिजनक बयान दिया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि फिल्म में उन्हें तृषा के साथ रेप सीन करने का मौका मिलेगा पर ऐसा नहीं हुआ और उन्हें एक्ट्रेस के साथ स्क्रीन शेयर करने का भी मौका नहीं मिला। मंसूर के इस बयान के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एक्ट्रेस तृषा कृष्णन ने एक ट्वीट शेयर कर मंसूर की आलोचना की। साथ ही उनके साथ कभी जिंदगी में काम ना करने की कसम भी खाई। सोशल मीडिया पर भी फैंस एक्ट्रेस के सपोर्ट में नजर आ रहे हैं। इस विवादित बयान के बाद से ही साउथ एक्टर मंसूर अली खान ट्रोल किए जा रहे हैं।



### यह है पूरा मामला..

62 साल के एक्टर मंसूर अली खान साउथ की कई फिल्मों में विलेन का रोल प्ले कर चुके हैं। वो फिल्मों में रेप सीन करने को लेकर ही पहचाने जाते हैं। उन्होंने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'लियो' में तृषा के साथ काम किया था। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने फिल्म पर बात करते हुए कहा, 'जब मैंने सुना कि मैं तृषा के साथ काम करने वाला हूं, तो मैंने सोचा कि फिल्म में एक बेडरूम सीन होगा। मैंने सोचा कि मैं उसे वैसे ही बेडरूम में ले जा सकता हूं जैसे मैं पहले भी कई फिल्मों में दूसरी एक्ट्रेसेस को ले जा चुका हूं। मैंने कई फिल्मों में रेप सीन किए हैं तो मेरे लिए यह नया नहीं है। पर मेकर्स ने कश्मीर शेड्यूल में मुझे तृषा से मिलने तक नहीं दिया।' मंसूर ने फिल्म लियो में भी काम किया है। हालांकि, इसमें उनका तृषा के साथ कोई सीन नहीं था।

## 'कल हो ना हो' की शूटिंग के दौरान बीमार थे शाहरुख

28 नवंबर 2003 में रिलीज हुई फिल्म 'कल हो ना हो' के रिलीज के 20 साल पूरे हो जा रहे हैं। शाहरुख खान, सैफ अली खान और प्रीति जिंटा स्टारर इस फिल्म को निखिल आडवाणी ने डायरेक्ट किया था। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में निखिल ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने के कुछ दिनों बाद ही शाहरुख बीमार पड़ गए थे। शूटिंग शुरू होने के 4 दिनों बाद ही शाहरुख ने निखिल से कहा था कि वो इस फिल्म को छोड़ना चाहते हैं। हालांकि, मेकर्स ने शाहरुख के रिकवर होने का इंतजार किया और फिर इस फिल्म की शूटिंग शुरू की। राजश्री अनप्लग्ड को दिए एक इंटरव्यू में निखिल ने कहा, 'फिल्म की शूटिंग शुरू होने के 4 दिनों बाद शाहरुख बीमार पड़ गए थे। उनकी पीठ में दिक्कत आ गई थी। उन्होंने खुद मुझसे कहा कि मुझे इस फिल्म से बाहर कर दीजिए पर हमने कहा नहीं.. और फिर हमने फिल्म को 6 महीने डिले करने का फैसला किया।'



## अपनी जिंदगी का हर पड़ाव एंजॉय किया: सुष्मिता



इन दिनों आर्या- 3 के चलते सुर्खियों में बनी हुईं सुष्मिता सेन ने हाल ही में ललित मोदी से अपने रिलेशनशिप पर बात की है। 2022 में बिजनेसमैन ललित मोदी ने चंद तस्वीरों के जरिए सुष्मिता सेन से अपने रिलेशनशिप का खुलासा किया था। इसके बाद से ही सुष्मिता को गोल्ड डिगर कहा जाने लगा। अब एक्ट्रेस ने इस मुद्दे पर अपना पक्ष रखा है। हाल ही में एक इंटरव्यू में सुष्मिता ने कहा कि उन्होंने अपनी जिंदगी का हर पड़ाव एंजॉय किया है। ललित मोदी का डेट करना भी उनकी जिंदगी का एक हिस्सा था। जब भी सुष्मिता अपने ऊपर बने मीम देखती हैं तो उन्हें एंजॉय करती हैं। सुष्मिता ने कहा, किसी को अगर आप गोल्डडिगर बुलाते हो तो उसे मोनेटाइज तो मत करो कम से कम। और अपने फैक्ट्स भी ठीक तरह चैक करिए। मुझे गोल्ड नहीं डायमंड पसंद है। खैर, ये भी एक अलग एक्सपीरियंस था, अलग फेज था और ये चीजें होती रहती हैं। सुष्मिता सेन से शादी करने पर सवाल किए गए। इस पर उन्होंने कहा, वैसे तो उनका शादी का कोई प्लान नहीं है, लेकिन अगर उन्हें शादी करनी ही हुई तो वो नीरज से करेंगी।

### एक्स बॉयफ्रेंड रोहमन को कर रही हैं फिर डेट?

इन दिनों सुष्मिता सेन फिर एक्स बॉयफ्रेंड रोहमन शॉल के साथ नजर आ रही हैं। वेब सीरीज आर्या-3 के प्रमोशन के दौरान सुष्मिता सेन, रोहमन के साथ के साथ स्पॉट हुई थीं। खबरें हैं कि ललित से अलग होने के बाद सुष्मिता और रोहमन फिर एक हो गए हैं। जियो सिनेमा में स्ट्रीम हुई वेब सीरीज ताली के बाद सुष्मिता आर्या 3 में नजर आई हैं। सीरीज को काफी पसंद किया जा रहा है। सीरीज को राम माधवानी ने डायरेक्ट किया है, जिसे 3 नवंबर से स्ट्रीम किया जा रहा है।



**मेट्रो बाजार**

## एपल और डिज्नी जैसी कंपनियों ने एक्स पर एडवर्टाइजिंग रोकी

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

एपल और डिज्नी जैसी कंपनियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एडवर्टाइजिंग बंद कर दी है। ङ्ग के मालिक एलन मस्क ने हाल ही में कहा था कि वह यहूदी समुदायों पर गोरे लोगों के खिलाफ नफरत को बढ़ावा देने का आरोप लगाने वाली सोशल मीडिया पोस्ट से सहमत हैं। CNBC ने इसे लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की है। दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले 163 यहूदी नेताओं, एक्टिविस्ट और शिक्षाविदों के एक गठबंधन ने भी मस्क के हालिया व्यवहार के जवाब में इस हफ्ते एक बयान जारी किया था। इसमें डिज्नी, एपल और अमेजन जैसी कंपनियों से अपने विज्ञापन खर्च के माध्यम से एक्स को फंडिंग बंद करने का आह्वान किया गया था। वार्नर ब्रदर्स, पैरामाउंट ग्लोबल ने भी ऐड कैंपेन रोकी रिपोर्ट के अनुसार वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी, पैरामाउंट ग्लोबल और लायंस गेट एंटरटेनमेंट कंपनी भी एक्स पर अपनी कैंपेन को सस्पेंड कर रही है। कंपनी के प्रवक्ताओं ने इसकी पुष्टि की है। इसके अलावा कॉमकास्ट के एक प्रवक्ता ने कहा कि वह वह रियल-टाइम मैसेजिंग सर्विस पर अपने ऑनलाइन एडवर्टाइजिंग कैंपन को रोक रही है। आईबीएम के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी एक्स पर अपने ऑनलाइन एडवर्टाइजिंग कैंपेन तुरंत रोक दी है। हेट स्पीच और भेदभाव के लिए शून्य सहिष्णुता है। चार्ल्स वेबर नाम के एक यूजर ने एक वीडियो शेयर करते हुए ङ्ग पर लिखा, इंटरनेट की गुमनामी के पीछे छिपने वाले और हिटलर सही था आप इसे हमारे सामने क्यों नहीं कहते... चार्ल्स ने जो वीडियो शेयर किया था उसमें एक पिता अपने बेटे को यहूदी कम्युनिटी के खिलाफ ऑनलाइन नफरत फैलाने के लिए डांटते हुए दिखाई दे रहा है। पोस्ट पर रिप्लाई कर यूजर ने लिखा, यहूदी समुदाय गोरों के खिलाफ ठीक उसी तरह की नफरत को बढ़ावा दे रहे हैं, जिसको वह चाहते हैं कि लोग उनके खिलाफ इस्तेमाल करना बंद कर दें। मुझे पश्चिमी यहूदी पॉपुलेशन के अशांति फैलाने के बारे में थोड़ी सी भी बकवास बताने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

## नए नोकिया में रिप्लेसेबल बैटरी, 3 दिन बैकअप का दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फिनलैंड की दिग्गज टेक कंपनी नोकिया ने नोकिया जी-42 फाइव जी स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया है। इस फोन में 50 एमपी ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है। बजट में फिट इस फोन को कंपनी ने 12,599 में लॉन्च किया है। नोकिया ने इस फोन में रिप्लेसेबल बैटरी दी है। साथ ही कंपनी ने यह दावा किया है कि फोन एक बार फुल चार्ज होने पर 3 दिन का बैटरी बैकअप देगा। नोकिया ने इस स्मार्टफोन को 6 जीबी रैम + 128 जीबी इंटरनल स्टोरेज के साथ लॉन्च किया है, जिसे एक्पेंड किया जा सकता है। कंपनी ने फोन की कीमत 12,599 रखी है। बायर्स 15 सितंबर से कंपनी की वेबसाइट और ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से इस फोन को खरीद सकते हैं।



न्यू फोन में रिफ्रेश रेट के साथ 6.56 इंच की डिस्प्ले दी गई है। इसके डिस्प्ले का आस्पेक्ट रेशियो है। साथ ही इसमें 560 निट्स की ब्राइटनेस बूस्ट मिलती है। परफॉर्मेंस के लिए इस फोन में प्लस ओटा कोर चिपसेट दिया गया है, जिसकी स्पीड 2.2 जीएचजेड है। फोन में एंड्रॉयड 13 बेस्ड ऑपरेटिंग सिस्टम दिया गया है। पावर और बैकअप के लिए इस फोन में फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5000 एमएएच की क्विक फिक्स रिप्लेसेबल बैटरी दी गई है। कंपनी का दावा है कि इस फोन का बैटरी बैकअप 3 दिन का है।

# गांधी नगर से लापता हुआ बालक मिसरोद में घूमते मिला




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गांधीनगर से लापता हुए एक नाबालिग लड़के को पुलिस ने मिसरोद इलाके में घूमते हुए दस्तयाब कर लिया। बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार बीडीए कालोनी गोंदरमऊ निवासी एक व्यक्ति ने शनिवार रात थाने पहुंचकर सूचना दी कि उसका 13 साल का बालक दोपहर करीब एक बजे घर से बगैर बताए लापता हो गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर बालक की तलाश शुरू की। रविवार सुबह बालक को मिसरोद इलाके में घूमते हुए तलाश लिया। पूछताछ के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। बालक को तलाशने में थाना प्रभारी प्रवीण त्रिपाठी और एएसआई रामभारत सुमन का सराहनीय योगदान रहा।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित गांव बर्रई में बीती रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उसे अचानक बेसुध होने के के बाद अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा। साथ ही परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे। एएसआई छत्रपाल सिंह ने बताया कि नरेश मालवीय पिता दशरथ मालवीय (19) ग्राम बर्रई में रहता था और प्राइवेट काम करता था। रविवार सोमवार की दरमियानी रात करीब दो बजे परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही नरेश को मृत घोषित कर दिया। परिजन का कहना था वह बेसुध हो गया था।

# सोते समय अटैक आने से एएसआई का निधन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

सोते समय अटैक आने से एएसआई का निधन हो गया। पुलिस के मुताबिक कमलेश कुमार सिंह (53) पुलिस लाइन नेहरू नगर में रहते थे और टीटी नगर में थाने में पदस्थ थे। रविवार सुबह वह सोकर नहीं उठे तो परिजन ने उन्हें जगाने का प्रयास किया। शरीर में हलचल नहीं होने पर परिजन इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची कमला नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। डॉक्टर ने मौत का कारण अटैक आना बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टीलाजमालपुरा और अवधपुरी थाना क्षेत्र की घटना

# पंद्रह साल के किशोर और महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। टीलाजमालपुरा थाना क्षेत्र स्थित पुराना आरटीओ कार्यालय के पास रहने वाले पंद्रह साल के नाबालिग ने फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**



पुलिस के अनुसार जकी पिता जाहिद (15) पुराना आरटीओ कार्यालय के पास टीलाजमालपुरा में रहता था। वह स्कूली छात्र था। बीती रात करीब दस बजे के आसपास उसने अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए थे। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित करते हुए पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। इधर, अवधपुरी थाना क्षेत्र में भी एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे। पुलिस के अनुसार शीला पति कार्तिक (30) श्रीधाम कॉलोनी अवधपुरी में रहती थी। वह गृहणी थी और कल रात करीब आठ बजे के आसपास उन्होंने अपने कमरे में फांसी लगा ली। परिजन उन्हें फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खाया

टीटी नगर पुलिस ने बताया कि रमेश रजक (55) बाणगंगा में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। कल शाम उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। फिलहाल परिजन के बयान नहीं होने से आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं।

## 4 माह पहले हबीबगंज गणेश मंदिर के सामने मिला था शव

# कलाई पर आदित्या और सीने पर ज्योति नाम गुदे व्यक्ति के परिजनों की तलाश



हबीबगंज पुलिस ने गणेश मंदिर के सामने साढ़े चार महीने पहले एक व्यक्ति की लाश बरामद की थी। हालांकि अभी तक उसके परिजनों का कुछ पता नहीं चल पाया है। मृतक का हुलिया और फोटो जारी करके पुलिस ने आम जनता से उसके परिजनों के बारे में सूचना देने की अपील की है। पुलिस के मुताबिक जाटखेड़ी मिसरोद निवासी किशनलाल (60) हबीबगंज नाका स्थित गणेश मंदिर पर चौकीदारी करते हैं। बीती 1 जुलाई 2023 की शाम पांच बजे उन्होंने पुलिस को सूचना दी कि मंदिर के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि उक्त अज्ञात व्यक्ति मंदिर के पास ही बैठकर भीख मांगा करता था। पिछले एक-दो दिनों से वह बीमारी दिख रहा था, लेकिन एक जुलाई को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा और बाद में कफन दफन करवा दिया। साढ़े चार महीने की जांच के दौरान मृतक के परिजनों का कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र 50-55 साल होगी। उसका रंग गोरा, चेहरा लंबा और कद करीब साढ़े पांच फीट और दुबला-पतला था। वह लाल रंग की गोल गले की टीशर्ट और काली पैंट पहने था। मृतक के दाहिने हाथ की कलाई में अंग्रेजी में आदित्या और सीने में ज्योति नाम गुदा हुआ था। इसके साथ ही कलाई के पास चार स्टार भी गुदे हुए थे।

# राजधानी में कई जगह चोरी की वारदातें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



पिछले 24 घंटे में शाहपुरा, पिपलानी, एमपी नगर में चोरों ने लाखों रुपए के कीमती सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि रघुनाथ नगर में रहने वाले प्रदीप गजानंद के घर का ताला तोड़ कर यहां धावा बोला। घर के अंदर रखी टीवी और 25 हजार रुपए चोरी कर लिए। प्रदीप ने शाहपुरा थाना पहुंचकर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं शहर के गोमती विला में बनी दुकान में अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। बताया जाता है कि करीब पचास हजार रुपए का सामान चोरी हुआ है। दुकानदार विशाल शर्मा ने मामला दर्ज करवाया है। वहीं दूसरी ओर आनंद नगर क्षेत्र में एक महिला की सोने की चेन चोरी हो गई। पीड़िता हरीबाई साहू ने बताया कि वह बाजार सामान खरीदने के लिए गई थी तभी उनके बैग में रखी करीब पचास हजार रुपए कीमत वाली सोने की चेन रखी चोरी हो गई। उन्होंने पुलिस से शिकायत की है।

# लोडिंग वाहन चालक का मोबाइल हुआ चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



जहांगीराबाद में एक व्यक्ति ने लोडिंग वाहन चालक को सामान लेकर जाने के लिए बुलाया और बाद में गाड़ी के डैसबोर्ड पर रखा उसका मोबाइल फोन चोरी करके गायब हो गया। चालक ने जब उसे दोबारा फोन लगाया तो उसने रिसीव नहीं किया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सुनील जेवियर (50) जहांगीराबाद में रहते हैं और लोडिंग वाहन चलाते हैं। शनिवार दोपहर करीब एक बजे एक व्यक्ति ने उनके मोबाइल पर फोन किया और सामान लोड करवाने के लिए लाल परेड मैदान के पास बुलाया। वह लोडिंग वाहन लेकर परेड मैदान स्थित शौर्य स्मारक के पास पहुंचे तो एक अज्ञात व्यक्ति मिला। उसने बोला कि आपके मोबाइल पर एक ओटीपी आया होगा, वह मुझे बता दीजिए। सुनील ने बताया कि उनके मोबाइल पर कोई ओटीपी नहीं आया तो वह दोबारा से ओटीपी भेजने के लिए प्रोसेस करने लगा। इस बीच सुनील पास ही बाथरूम करने चले गए। कुछ देर बाद लौटे तो डैसबोर्ड पर रखा उनके गाड़ी मालिक का मोबाइल फोन जिस पर आर्डर लिए जाते थे, वह गायब था। आसपास देखा तो जिस व्यक्ति ने उन्हें फोन करके बुलाया था, वह भी गायब हो चुका था। उन्होंने उसके मोबाइल पर फोन लगाया तो उसने रिसीव नहीं किया। बाद में सुनील ने थाने जाकर मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# घर के पास खेल रहे बच्चे को कुत्ते ने काटा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जहांगीराबाद में घर के पास खेल रहे एक बच्चे को पालतू कुत्ते ने काट लिया। पुलिस ने मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बरखेड़ी जहांगीराबाद निवासी विशाल जोगी (35) आर्टीफीशियल ज्वैलरी का व्यवसाय करते हैं। शाम के वक्त करीब सवा पांच बजे उनका बेटा युवराज घर के पास ही खेल रहा था, तभी मोहल्ले में रहने वाली ममता नामक महिला के पालतू कुत्ते ने युवराज पर हमला कर दिया और बच्चे के बाएं पैर काट लिया। बच्चे ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजन को दी, जिससे बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल से लौटने के बाद विशाल ने थाने जाकर कुत्ता मालिक के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

**मेट्रो एंकर**

## अब्बास नगर नयापुरा कोलार का मामला

# प्लास्टर गिरने से हुई बच्चे की मौत के मामले में मकान मालिक पर केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**निशातपुरा इलाके में साढ़े तीन महीने पहले छत का प्लास्टर गिरने से हुई एक साल के बच्चे की मौत के मामले में पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान पता चला कि कमरे की छत जर्जर अवस्था में थी, इसके बावजूद मकान मालिक ने कमरे को किराए पर रहने के लिए दे दिया था।**



पुलिस के मुताबिक अब्बास नगर नयापुरा कोलार रोड निवासी घनश्याम राजौरिया एक निजी अस्पताल की एम्बुलेंस चलाते हैं। वह अपनी मां धनिया बाई, पत्नी और एक साल के बेटे यश राजौरिया के साथ कृषक नगर, ग्राम रुसल्ली स्थित रामनारायण साहू के मकान में किराए से रहते थे। रामनारायण और महेश साहू ने घनश्याम को उक्त कमरा किराए पर दिया था। करीब साढ़े तीन महीने पहले 8 अगस्त की रात वह नाईट ड्यूटी पर गए थे, जबकि घर पर उनकी पत्नी, बेटा और मां सो रहे थे। तड़के करीब पांच बजे अचानक आधे कमरे का प्लास्टर भर-भराकर गिरा, जिससे बेटा यश और उसकी दादी धनिया बाई मलबे में दब गये। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने यश को अंदरूनी चोट आने के कारण उसे मृत घोषित कर दिया। मर्ग जांच के दौरान पुलिस ने साक्षियों के बयान लिए नगर निगम के यांत्रिक विभाग के जांच कराई। रिपोर्ट के आधार पर मकान मालिक रामनारायण साहू और महेश साहू द्वारा उपेक्षा पूर्वक अपना मकान किराए पर रहने के लिए दिया जाना पाया गया, जिसके आधार पर पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022